उज्जैन
शुक्रवार
10
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-247
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



3 टाइपिंग की गलती से गिरफ्तारी अवैध कैसे?

7 इंग्लैंड ने पहली बार भारत से 2+ मैचों की टी-20 सीरीज जीती







### उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने बोर्ड की मंजूरी के बिना शुल्क लागू किया, चढ़ावा के बाद दो नए मामले चर्चा में

# बद्रीनाथ में वीआई दर्शन से 1.63 करोड़ की आय पर विवाद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ देहरादून**

बद्रीनाथ धाम में चढ़ावा हेराफेरी विवाद अभी शांत भी नहीं हुआ है कि अब दो नए वित्तीय मामले चर्चा में आ गए हैं। पहला मामला वीआईपी दर्शन के लिए प्रति श्रद्धालु 1100 रुपए शुल्क वसूलने का है, जिससे अब तक करीब 1.63 करोड़ रुपए जमा होने का दावा किया जा रहा है। दूसरा मामला वीआईपी मेहमानों के ठहरने और खानपान के नाम पर कथित फर्जी बिल बनाए जाने का है। दोनों मामलों को लेकर श्री बद्रीनाथ-



केदारनाथ मंदिर समिति के भीतर ही मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने बोर्ड की मंजूरी के बिना शुल्क लागू करने पर सवाल उठाए हैं, जबकि सीईओ सोहन सिंह रांगड़ का कहना है कि यह व्यवस्था भीड़ नियंत्रण और अनधिकृत वसूली रोकने के लिए लागू की गई थी।

चारधाम यात्रा के पीक सीजन में बद्रीनाथ धाम में रोज हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे थे। इसी दौरान कुछ श्रद्धालुओं को सामान्य कतार से अलग विशेष व्यवस्था के तहत दर्शन कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके लिए प्रति व्यक्ति 1100 रुपए शुल्क लिया गया और आधिकारिक रसीद भी जारी की गई। विवाद तब शुरू हुआ जब यह सवाल उठा कि इस शुल्क को लागू करने से पहले बीकेटीसी बोर्ड से औपचारिक मंजूरी ली गई थी या नहीं।

#### सीईओ बोले- पारदर्शिता के लिए किया व्यवस्थित

- बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ का कहना है कि वीआईपी दर्शन शुल्क कोई नई व्यवस्था नहीं थी, बल्कि पहले से चली आ रही प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया गया।
- उनके अनुसार यात्रा सीजन में बड़ी संख्या में लोग विभिन्न माध्यमों से प्रोटोकॉल या वीआईपी श्रेणी में दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जिससे सामान्य श्रद्धालुओं की कतार और भीड़ प्रबंधन प्रभावित होता है।
- रांगड़ ने कहा कि इसी वजह से मानक संचालन प्रक्रिया के तहत शुल्क आधारित व्यवस्था लागू की गई, ताकि वीआईपी प्रोटोकॉल का अनावश्यक उपयोग रोका जा सके और भीड़ को नियंत्रित रखा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ बाहरी लोग दिव्यांग और अन्य विशेष श्रेणियों का दुरुपयोग कर श्रद्धालुओं से पैसे लेकर वैकल्पिक रास्तों से दर्शन करा रहे थे। इस पर रोक लगाने के लिए अधिकृत और रसीद आधारित व्यवस्था लागू की गई। उएड के मुताबिक प्रत्येक श्रद्धालु को आधिकारिक रसीद जारी की गई और पूरी राशि सीधे समिति के खाते में जमा हुई है। उन्होंने दावा किया कि अब तक लगभग 1.63 करोड़ रुपए समिति के खाते में जमा हो चुके हैं और पूरी प्रक्रिया दस्तावेजों में दर्ज है।

### शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समितियां निष्क्रिय

## जिले के कॉलेजों के विकास कार्य भी प्रभावित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति निष्क्रिय है। ऐसे कोई चार सौ से अधिक कॉलेज है जहां जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद पिछले एक वर्ष से रिक्त पड़े हैं। राजनीतिक नियुक्तियां नहीं होने के कारण अधिकांश महाविद्यालयों में समितियों का गठन नहीं हो सका है। इसका सीधा असर प्रदेश के साथ-साथ उज्जैन जिले के शासकीय महाविद्यालयों में भी विकास कार्यों, वित्तीय निर्णयों, नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत, अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति तथा अन्य प्रशासनिक गतिविधियों पर पड़ रहा है।

वर्तमान में समितियों के उपाध्यक्ष के रूप में संबंधित जिले के कलेक्टर अथवा उनके नामित प्रतिनिधि जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण नियमित बैठकें नहीं हो पा रही हैं। इसके चलते जनभागीदारी समिति के माध्यम से लिए जाने वाले अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लंबे समय से लंबित हैं।

प्रदेश में शासकीय महाविद्यालयों के विकास तथा स्थानीय जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 1997 में जनभागीदारी समिति की व्यवस्था लागू की गई थी। समिति में सामान्य परिषद, प्रबंध समिति और वित्त समिति जैसी तीन प्रमुख इकाइयां होती हैं। समिति के अध्यक्ष का मनोनयन शासन द्वारा किया जाता है, जबकि उपाध्यक्ष संबंधित जिले के कलेक्टर और सचिव महाविद्यालय के प्राचार्य होते हैं। प्रत्येक समिति में औसतन 20 सदस्यों का प्रावधान है।

#### कोरोना काल के बाद नहीं हुईं नियुक्तियां

उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों के अनुसार कोरोना महामारी के बाद अधिकांश शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के अध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्तियां नहीं हो सकीं। इसके कारण समितियां लगभग निष्क्रिय हो गई हैं और महाविद्यालयों का संचालन केवल प्राचार्यों तथा कलेक्टर स्तर पर उपलब्ध सीमित प्रशासनिक अधिकारों के आधार पर किया जा रहा है।

#### जिले में भी लंबित हैं कई प्रस्ताव

उज्जैन जिले के शासकीय महाविद्यालयों में भी जनभागीदारी समिति के अभाव का असर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। नए भवनों के निर्माण, प्रयोगशालाओं के उन्नयन, उपकरणों की खरीदी, अतिथि शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति, स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों की फीस निर्धारण तथा नए व्यावसायिक और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने जैसे अनेक प्रस्ताव समिति की स्वीकृति के अभाव में लंबित हैं। महाविद्यालयों से जुड़े शिक्षाविदों का कहना है कि जनभागीदारी समिति केवल वित्तीय निर्णयों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्थानीय समाज, जनप्रतिनिधियों और शिक्षण संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। समिति के सक्रिय नहीं होने से महाविद्यालयों की विकास योजनाओं की गति प्रभावित हुई है।

## मां-पत्नी के सामने दुकानदार की हत्या

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ गोरखपुर**

गोरखपुर में बुधवार शाम 6 बजे मां और पत्नी के सामने ही किराना दुकानदार की चाकू से ताबड़तोड़ वार करके हत्या कर दी। मां हमलावरों से मिन्नत करती रहीं। बेटे को छोड़ दो। हाथ जोड़ती रहीं। लेकिन, हमलावरों ने उन्हें धक्का देकर किनारे कर दिया। पत्नी भी हमलावरों से पति को बचाने पहुंची। हमलावरों को पकड़ा, लेकिन तब तक ताबड़तोड़ 10 चाकू दुकानदार के सीने में मार दिए। वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। हमलावर मौके से भाग गए। परिवार घायल दुकानदार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी निमिष पाटिल मौके पर पहुंचे। दुकानदार के बेटे से वारदात की जानकारी ली। कुछ ही देर में पुलिस ने चाकू मारने के आरोपी गब्बर चौहान को गिरफ्तार कर लिया। मामला जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर गुलरिहा के टिकरिया गांव का है।


## ईरान का दावा- अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन मार गिराया

### होर्मुज में हमला किया तो कई देशों को आर्थिक नुकसान होगा, यूएस ने 170 ठिकाने उड़ाए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव**

ईरान ने दावा किया है कि उसकी एयर डिफेंस प्रणाली ने अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। ईरानी न्यूज एजेंसी ईरान के मुताबिक, बुधवार को आईआरजीएस की एयर डिफेंस यूनिट ने ड्रोन का पता लगाकर उसे इंटरसेप्ट किया और फिर नष्ट कर दिया। हालांकि अमेरिका ने इस दावे पर फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

इस बीच, आईआरजीएस ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह होर्मुज स्ट्रेट में दखल न दे। उसका कहना है कि अगर अमेरिकी हमले जारी रहे तो स्ट्रेट में सामान्य आवाजाही बहाल नहीं हो पाएगी और इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।



दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दावा किया है कि उसने मंगलवार और बुधवार को 170 से ज्यादा ईरानी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। अमेरिका के मुताबिक, इन हमलों में एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल और ड्रोन भंडार, सैन्य स्पीड बोट और होर्मुज स्ट्रेट के आसपास मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## पीसीसी चीफ के भाई हिरासत में, पूछताछ के बाद छोड़ा

### ड्रग्स के साथ पकड़ाए आरोपियों ने लिया नाम, कांग्रेस बोली- बदले की कार्रवाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के छोटे भाई कुलभूषण उर्फ नाना पटवारी को ड्रग सप्लाई से जुड़े मामले में हिरासत में लिया है। पुलिस का दावा है कि ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए दो आरोपियों से पूछताछ में नाना का नाम सामने आया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गुरुवार दोपहर हिरासत में लिया। देर रात उन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। कांग्रेस ने कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध बताते हुए सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया है।

डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि राजेंद्र नगर पुलिस ने रेतमंडी चौराहा स्थित डी-मार्ट के पास से इरफान खान उर्फ गोलू चंदेरी और रोनी को गिरफ्तार किया था। तलाशी में उनके पास से करीब 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने नाना पटवारी और मानव गंगवानी का नाम लिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों से पूछताछ की, लेकिन फिलहाल उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया है। पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। जरूरत पड़ने पर दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

#### सीडीआर और अन्य सबूतों की जांच

डीसीपी रावत ने बताया कि मामले में कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), आपसी बातचीत और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पूरे नेटवर्क का खुलासा करने के लिए तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच में जिसकी भी भूमिका सामने आएगी, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई होने के कारण पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया। करीब पांच घंटे तक मौके पर जांच और साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की गई। इसके बाद नाना को गिरफ्तार कर आगे की पूछताछ शुरू की गई।

#### बदले की कार्रवाई कर रही सरकार

इधर, गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद जीतू पटवारी ने अपने कानूनी सलाहकारों से चर्चा की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और उज्जैन जमीन खरीद मामले को लेकर आंदोलन की घोषणा के बाद सरकार दबाव बनाने के लिए यह कार्रवाई कर रही है। जीतू पटवारी ने भी सोशल मीडिया पर इसे बदले की कार्रवाई बताया।

# उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से 1000 लोग फंसे

### यूपी में बारिश से 10 की मौत, राजस्थान में 6 ट्रेनें रद्द, दो दिन बाद मानसून पर ब्रेक संभव

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

मानसून ने पूरे देश को कवर कर लिया। इसे पूरे देश को कवर करने में 38 दिन लगते हैं, लेकिन इस बार 36 दिन में ही कवर कर लिया। हालांकि, मौसम विभाग के मुताबिक दो दिन बाद मानसून की रफ्तार धीमी पड़ सकती है।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में स्यानाचट्टी के पास यमुनोत्री हाईवे और नालूपानी के पास गंगोत्री हाईवे लैंडस्लाइड से बंद हैं। यमुनोत्री मार्ग बंद होने से करीब 1000 यात्री फंसे हैं। 10 जिलों में बारिश के कारण आज स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई। पिथौरागढ़ में आदि कैलाश मार्ग चट्टानें गिरने से बंद है। हरिद्वार में सड़कों पर 3-4 फीट पानी भर गया। उत्तर प्रदेश के 69 शहरों में गुरुवार को बारिश हुई। बारिश की अलग-अलग घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। बुलंदशहर में मस्जिद की पुरानी दीवार गिरने से एक ही परिवार के 2 लोगों की मौत हो गई। हरदोई में 2 बहने नदी में बह गईं। राजस्थान के धौलपुर में बारिश के चलते मकान ढह गया और 6 लोग मलबे में दब गए। अजमेर के किशनगढ़ में भी कच्चा मकान ढहने माता-पिता और बच्चा दब गया। राज्य में 6 ट्रेनें कैंसिल हुई हैं। कई ट्रेनें लेट भी हैं। दिल्ली में बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। कई जगह पेड़ गिरने से ट्रैफिक जाम लगा।

#### मानसून का कहरः दिल्ली-एनसीआर समेत 18 राज्यों में भारी बारिश और तूफान का अलर्ट, सड़कें बनीं दरिया, जनजीवन बेहाल

मानसून के बादल एक दिन की देरी से राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के बचे हुए हिस्सों पर भी छा गए हैं। इसके साथ ही मानसून पूरे देश में सक्रिय हो गया है। बृहस्पतिवार को दिल्ली समेत कई राज्यों में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। दिल्ली-एनसीआर की ज्यादातर सड़कों पर वाहन जाम में फंसे रहे। महाराष्ट्र, केरल और राजस्थान में भी बारिश से नुकसान की खबरें हैं। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में बुधवार रात से जारी बारिश ने सुबह मूसलाधार रूप ले लिया। दोपहर करीब एक बजे तक बारिश जारी रही। दिल्ली के सफदरजंग में 72.6 मिमी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के तुखमीरपुर में सबसे ज्यादा 160 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार को दिल्ली, यूपी समेत 18 राज्यों के लिए भारी बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 85 किमी की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। भारी बारिश ने फिर शहरी बुनियादी ढांचे और ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम में सड़कें नहरों में तब्दील नजर आईं।

### केंद्र सरकार का बड़ा कदम, कस्टम ड्यूटी घटाई

## स्मार्टफोन और इलेक्ट्रिक वाहन होंगे सस्ते

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने देश में इलेक्ट्रॉनिक सामानों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कंपोनेंट्स और पूंजीगत मशीनों के आयात पर कस्टम ड्यूटी में राहत देने का फैसला किया है, जिसके पीछे का उद्देश्य स्मार्टफोन, लिथियम-आयन बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्माण की लागत कम करना तथा घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। इस संबंध में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने तीन अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। सरकार ने एक अधिसूचना के तहत ऑटोमोबाइल, मेडिकल और औद्योगिक उपयोग के लिए डिस्प्ले असेंबली बनाने में इस्तेमाल होने वाले पांच प्रमुख कंपोनेंट्स को 31 मार्च 2029 तक मूल सीमा शुल्क से छूट दी है।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सुरक्षा में चूक

### एमपी में एक्सप्रेस-वे पर गुजरते काफिले के सामने आए 3 युवक, 120 की रफ्तार में थीं गाड़ियां

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम**

रतलाम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सुरक्षा में गुरुवार दोपहर चूक का मामला सामने आया है। 8 लेन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर गडकरी के काफिले के सामने अचानक तीन युवक आ गए। घटना रतलाम जिले के शिवगढ़ ब्रिज के पास की है।



केंद्रीय मंत्री के काफिले में शामिल वाहन इन ग्रामीणों के बगल से गुजरते हुए दूसरी लेन से निकल गए। इन गाड़ियों की रफ्तार करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटा थी। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। दिख रहा है कि हाईवे के बीच में खड़े तीन युवक गाड़ियों को रुकने का इशारा कर रहे हैं। गडकरी बुधवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करने राजस्थान पहुंचे थे। उन्होंने बूंदी से कोटा तक करीब 90 किलोमीटर की दूरी में एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया। इसके बाद वे गुजरात जा रहे हैं। इसी दौरान गुरुवार को रतलाम से भी गुजरे थे।

#### ग्रामीण बोले- युवक बच्चों को सड़क पार करा रहे थे

पुलिस ने मामले की पड़ताल की। युवकों के नाम शांतिलाल (32), नंदलाल भाभर (30) और दिनेश भाभर (30) हैं। ये सभी निमकोपाड़ा पलसोड़ी गांव के रहने वाले हैं। युवकों ने पुलिस को बताया कि उनके बच्चे हाईवे के दूसरी तरफ बने स्कूल में पढ़ते हैं। गुरुवार को भी वे बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे थे, जिसके लिए वे गाड़ियों को रुकने का इशारा कर सड़क पार कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें केंद्रीय मंत्री गडकरी के काफिले के यहां से गुजरने की कोई जानकारी नहीं थी। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## भारत को यूरेनियम सप्लाई करेगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को यूरेनियम डील पर मुहर लग गई है। मेलबर्न में पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, स्पेस और महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत कई क्षेत्र में समझौतों की घोषणा की। मोदी ने कहा- भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर भी विकसित करेंगे। कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल बनाया जाएगा, जिससे भारत के गगनयान मिशन को मदद मिलेगी। मोदी ने 16 साल के बच्चों को सोशल मीडिया बैन करने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया के कानून और बच्चों के लिए एक सुरक्षित ऑनलाइन माहौल बनाने के उसके तरीके से बहुत कुछ सीख रहा है।

## टीएमसी के 3 पूर्व राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के तीन पूर्व राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर राय और प्रकाश चिक बराइक गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने तीनों को बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में टीएमसी की हार के बाद तीनों नेताओं ने राज्यसभा की सदस्यता और टीएमसी से इस्तीफा दे दिया था। तीनों ने ममता से नाराजगी जताई थी और कहा था कि पार्टी मनमाने ढंग से चल रही है। सुखेंदु ने 8 जून, सुष्मिता ने 10 जून और प्रकाश ने 11 जून को रिजाइन दिया था। बंगाल की इन तीन राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 24 जुलाई को वोटिंग और काउंटिंग होगी।

## टीआरएस अध्यक्ष के. कविता ने कहा- पिता की पार्टी में नहीं जाऊंगी

**तेलंगाना।** रक्षा सेना की अध्यक्ष के. कविता ने अपने पिता के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की अगुवाई वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में वापसी की सभी अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह जीवनभर बीआरएस में वापस नहीं जाएंगी। कोठागुडेम में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कविता ने कहा, मैं जब तक जिंदा हूं, बीआरएस में दोबारा शामिल नहीं होऊंगी। उनके साथ हाथ मिलाने का कोई सवाल ही नहीं है। कविता ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने उनकी पार्टी के नाम के संक्षिप्त रूप 'टीआरएस' को लेकर चुनाव आयोग में एक हजार शिकायतें भेजी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के नाम को लेकर अनावश्यक विवाद खड़ा किया जा रहा है।

## नासिक टीसीएस मामले में गर्भवती नीदा खान को जमानत

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) कार्यालय से जुड़े यौन उत्पीड़न और कथित धर्मांतरण मामले में गिरफ्तार गर्भवती आरोपी नीदा खान को स्थानीय अदालत ने जमानत दे दी है। अदालत ने कहा कि किसी भी महिला के लिए जेल में बच्चे को जन्म देने का मानसिक और सामाजिक आघात असहनीय होता है। हालांकि अदालत ने अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया कि जांच के दौरान ऐसे संकेत मिले हैं कि आरोपी ने सह-आरोपियों के साथ मिलकर पीड़िता के वैचारिक और धार्मिक विचारों को प्रभावित करने का प्रयास किया था। इसके बावजूद अदालत ने माना कि जांच पूरी हो चुकी है और आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है, इसलिए आगे हिरासत में रखना आवश्यक नहीं है।

## अमेरिका में एच-1बी वीजा के सख्त हो सकते हैं नियम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का ट्रम्प प्रशासन नए इमिग्रेशन नियमों की तैयारी कर रहा है, जिससे एच-1बी वीजा, रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड और छात्र वीसा की प्रक्रिया पहले से अधिक सख्त हो सकती है। प्रस्तावित बदलाव लागू होने पर भारतीय पेशेवरों, छात्रों और अमेरिकी कंपनियों के लिए नियमों का पालन करना अधिक कठिन और महंगा हो सकता है। ये प्रस्ताव अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग, श्रम विभाग और विदेश विभाग के एकीकृत रेगुलेटरी एजेंडा में शामिल हैं। इसके लिए अगस्त में बदलाव का प्रस्ताव आ सकता है। विश्वविद्यालयों और कुछ शोध संस्थानों को मिलने वाली एच-1बी कैप छूट सीमित की जा सकती है। कई ऐसे प्रस्ताव हैं जिनसे कंपनियों की लागत बढ़ सकती है।

## खबर एक नजर...

### चंचल डागर वाल्मीकि महापंचायत के संभाग अध्यक्ष मनोनीत

**उज्जैन।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पारछे की अनुशंसा पर चंचल डागर को उज्जैन संभाग अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर प्रदेश कार्यकारिणी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संभाग का दायित्व मिलने पर चंचल डागर ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। जल्द ही संभाग की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ प्रतिदिन हो रहे शोषण को रोकने और समाज के उत्थान के लिए सभी को एकजुट कर कार्य किया जाएगा। चंचल डागर को नई जिम्मेदारी मिलने पर मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन की ओर से जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, जिला सचिव मुकेश रायकवार, सुनील खत्री, रवि चौहान और भेरूलाल मालवीय आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### मुकेश जौहरी बने रोटरी क्लब क्षेत्र 6 के सहायक मंडलाध्यक्ष

**उज्जैन।** रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3040 के मंडलाध्यक्ष रो. संस्कार कोठारी ने वर्ष 2026-27 के लिए रोटरी क्लब उज्जैन के सदस्य रो. मुकेश जौहरी को क्षेत्र 6 का सहायक मंडलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर क्लब के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। नव नियुक्त सहायक मंडलाध्यक्ष को क्लब के वरिष्ठ सदस्य पीडीजी रवि प्रकाश लंगर, पीडीजी डॉ. नलिनी लंगर, अजय भार्गव, जवाहर जैन, डॉ. विमल गर्ग, अवनीश गुप्ता और शाहिद हाशमी ने बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

### साहित्य की विविध विधाओं से सजा अनामिक सखी समूह का मिलन

**उज्जैन।** शहर की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था अनामिक का मासिक मिलन और साहित्य रचना पठन कार्यक्रम 8 जुलाई को आयोजित किया गया। इस दौरान सखियों ने साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपनी स्वरचित रचनाओं का वाचन किया।

हिंदी और मराठी भाषा के संरक्षण, संगोपन एवं संवर्धन के लिए संकल्पित यह संस्था नवोदित साहित्यकारों को मंच प्रदान करने का कार्य करती है। रचना वाचन के पश्चात आगामी त्योहारी मौसम के अनुसार कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार की गई। सदस्यों के सुझावों पर चिंतन कर इस रूपरेखा को मूर्त रूप देने पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में समूह की सदस्या सुनीता केलकर, हितेषा गोरे, कीर्ति पटवर्धन, नेत्रा रावणकर, वीणा पाध्ये, सरिता ठाकरे, मनीषा अभ्यंकर, रेखा अडसुले और राजश्री जोशी विशेष रूप से उपस्थित थीं।

### गुलाबी घटा में सजे बाबा गुमानदेव हनुमान, मोगरे की महक से महका दरबार

**उज्जैन।** पीपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर मोगरा एवं आम महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पहली बार श्रद्धालुओं को बाबा गुमानदेव हनुमान के गुलाबी घटा में मनमोहक दर्शन हुए। मंदिर में भगवान का नौका विहार कराया गया और विभिन्न प्रकार के आमों का नैवेद्य लगाया गया। गादीपति ज्यो. पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि प्रातः 9 बजे बाबा का पंचामृत पूजन व अभिषेक किया गया। इसके पश्चात उन्हें आकर्षक गुलाबी पोशाक धारण कराकर मोगरे के पुष्पों से श्रृंगारित किया गया। संपूर्ण मंदिर परिसर को गुलाबी रंग के फूलों और मोगरे से सजाया गया था। दर्शन व पूजन के बाद रात्रि 8.30 बजे महाआरती संपन्न हुई। आयोजन में डॉ. नरेंद्र त्रिवेदी, पं. दीप्तेश दुबे, राजेश भाटी, अभिषेक देवड़ा, प्रसन्न सोलेगांवकर, ललित मीणा, पं. हेमंत जोशी, पं. अधीश द्विवेदी, पं. जयंत द्विवेदी, आनंद भाटी, पं. हिमांशु शुक्ल, पीयूष खटवानी और पं. गोपाल कृष्ण दवे सहित नगर के कई उत्सव प्रेमियों ने सहभागिता की।

### दुबई एजुकेशनल कॉन्क्लेव में उज्जैन की सोनम ने बढ़ाया देश का मान

**उज्जैन।** शहर की शिक्षाविद् सोनम विश्वकर्मा ने दुबई में आयोजित इंटरनेशनल एजुकेशनल कॉन्क्लेव 2026 में मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। 25 जून से 1 जुलाई तक चले इस सात दिवसीय विश्व स्तरीय सम्मेलन में 40 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा शिक्षाविद्, स्कूल प्रिंसिपल और शिक्षा विशेषज्ञ शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य विषय शिक्षा का भविष्य, शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्किल डेवलपमेंट रहा। सोनम ने 21वीं सदी के कौशल और कक्षा में नवाचार विषय पर आयोजित कार्यशाला में भारत की शिक्षा प्रणाली और नई शिक्षा नीति 2020 के अपने अनुभव साझा किए। साथ ही उन्होंने कॉन्क्लेव में शिक्षा तकनीक के उपकरण, वर्चुअल लर्निंग और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। सोनम की उत्कृष्ट सहभागिता पर आयोजक संस्था नेक्स्ट प्रिपरेशन ने उन्हें प्रशंसा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया है। सोनम पुष्पा विश्वकर्मा और पारसराम विश्वकर्मा की पुत्री तथा प्रशांत विश्वकर्मा की पत्नी हैं। उनकी इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर परिजनों सहित पूरे शिक्षा जगत ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

# माँ के सम्मान में लगाएं एक पौधा, सिर्फ रोपण नहीं बल्कि संरक्षण भी है सामूहिक जिम्मेदारी

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत लेकोड़ा के सरकारी स्कूल में हुआ पौधारोपण, ट्री मैन ऑफ इंडिया विष्णु लांबा ने किया जागरूक



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासन के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत विकासखंड के लेकोड़ा सेक्टर स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, चयनित नवांकुर संस्था सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तालोद के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में अतिथियों, विद्यार्थियों व ग्रामीणों ने पौधे रोपे और उनके नियमित संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत व जन अभियान परिषद की शासकीय निकाय सदस्य अजीता परमार ने कहा कि हर व्यक्ति अपनी माँ के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण के भाव से एक पौधा लगाए। यदि इसका नियमित संरक्षण किया जाए, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिलेगा। विशिष्ट अतिथि प्रख्यात पर्यावरणविद् और ट्री मैन ऑफ इंडिया विष्णु लांबा ने कहा कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, उनका संरक्षण और संवर्धन हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जीवन का महत्वपूर्ण दायित्व बताते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की प्रेरणा दी। जनपद सदस्य अनिल राव आदेश ने जल, वायु और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए हर नागरिक से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जय दीक्षित ने परिषद के अभियानों की जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान समाज में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता चयनित नवांकुर संस्था के अध्यक्ष उत्कर्ष सैंगर ने की। सफल संचालन डॉ. राजेश रावल ने किया। इस अवसर पर सरपंच संजय सिंह आंजना, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष संजय आंजना, सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के मयंक तिवारी, कल्पतरु संस्था के अभिषेक शर्मा सहित दिलीप आंजना, मिलन राठौर, महेश गुर्जर, भगवानसिंह आंजना, गोपाल आंजना, प्रभुलाल चौधरी, मोहन चौधरी, विक्रम चौधरी, सज्जन आंजना, विजय पटेल और डॉ. करणसिंह मौजूद रहे।

### उज्जैन-गरोठ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोपे 350 पौधे

उज्जैन। कर्म सेवा धर्म सेवा संस्था के 13वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को उज्जैन-गरोठ राष्ट्रीय राजमार्ग पर वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहाँ 350 फलदार, फूलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। संस्था अध्यक्ष दर्शन ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि, देवनारायण धाम मनासा के पंडा चरण सिंह गुर्जर, ठाकुर अजीत सिंह, गब्बर ठाकुर, गुर्जर समाज के प्रदेश अध्यक्ष मिलन गुर्जर, वन जिला अधिकारी अनुराग तिवारी और डिप्टी रेंजर अनिल सेन सहित संस्था के अनेक सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस दौरान अतिथियों ने 'एक पेड़ झ्र अनेक जीवन' का प्रेरणादायी संदेश देते हुए आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित पर्यावरण का निर्माण हो सके।

## राम मंदिर में चढ़ावा चोरी पर पुजारी महासंघ का रोष, सीएम योगी को भेजेंगे निंदा प्रस्ताव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने राम मंदिर में हुई चढ़ावा चोरी की कड़ी निंदा करते हुए वर्तमान ट्रस्टियों को हटाने की मांग की है। इस संबंध में महासंघ द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक निंदा प्रस्ताव पत्र भेजा जाएगा, जिसमें अपराधियों को संरक्षण देने वाले ट्रस्टियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग भी शामिल होगी।

यह अहम निर्णय बुधवार को पिपलीनाका चौराहा स्थित कुचेरा भैरव मंदिर में आयोजित महासंघ की नगर कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने कहा कि हजारों सालों से मंदिरों की सुरक्षा और दान की रक्षा वंशानुगत पुजारी ही करते आए हैं। जब से मंदिरों का सरकारीकरण हुआ है, संपत्तियों और दान में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। राम मंदिर में हुई चोरी से देश का सिर शर्म से झुक गया है। देश के कई धर्मस्थलों पर गर्भगृह के नियम तोड़े जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि जो ट्रस्ट या समिति व्यवस्था संभालने में नाकाम है, उसे तुरंत भंग कर मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाए और व्यवस्था पुनः वंशानुगत पुजारियों को सौंपी जाए। राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने कहा कि सरकार जिस तरह साधु-संतों को महत्व देती है, उसी तरह आगामी सिंहस्थ के लिए बनने वाली समितियों में पुजारियों को भी शामिल किया जाए।

## गुरुजी वाहने की जयंती पर रागदारी संगीत समारोह सात्विक वीणा और तबले की जुगलबंदी ने बांधा समां

### पद्मभूषण पं. विश्व मोहन भट्ट की वीणा और यशवंत के तबले ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रागदारी संगीत संस्थान द्वारा गुरुजी डीके वाहने के जन्मदिवस पर 8 जुलाई की शाम भरतपुरी स्थित सामाजिक शोध संस्थान के सभागार में 'रागदारी संगीत समारोह' आयोजित किया गया। समारोह में ग्रैमी अवार्ड विजेता व पद्मभूषण पं. विश्व मोहन भट्ट की मोहन वीणा और मुंबई से आए विख्यात तबला वादक यशवंत वैष्णव के एकल तबला वादन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण पं. विश्व मोहन भट्ट और उनके पुत्र पं. सलील भट्ट रहे। दोनों ने मोहन वीणा और सात्विक वीणा पर राग विश्व रंजनी से अपनी प्रस्तुति की शुरूआत की। इसमें आलाप, जोड़ और झाला के वादन के साथ तीनताल में विलंबित व मध्य लय की गतों में अद्भुत लयकारी पेश कर संगीत रसिकों को आनंदित कर दिया। पंडित भट्ट ने राग का समापन अद्भुत झाले के साथ किया और अंत में राग देस में वंदेमातरम की स्वरमयी धुन बजाई। इससे पूर्व यशवंत वैष्णव ने अपने एकल तबला वादन से सभागार को सम्मोहित कर दिया।

### शिष्यों ने पेश की सितार-संतूर की जुगलबंदी

समारोह का शुभारंभ शहर के वरिष्ठ तबला वादक पं. उमाशंकर भट्ट और संगीतज्ञ पं. श्रीधर व्यास ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात रागदारी संगीत संस्थान के शिष्यों ने एकताल में निबद्ध राग शिवरंजनी में वृंदवादन, सितार सोलो और सितार-संतूर की आकर्षक जुगलबंदी प्रस्तुत कर विद्वतजनों की खूब दाद बटोरी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. शैफाली चतुर्वेदी ने किया। अंत में रागदारी संगीत संस्थान की अध्यक्ष संस्कृति वाहने और सचिव प्रकृति वाहने ने आभार माना।

## लायंस क्लब सुरभि ने किया प्रमुख चिकित्सकों और सीए का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



लायंस क्लब सुरभि द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक और सीए दिवस मनाया गया। क्लब की साधारण सभा की बैठक के बाद आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में शहर के प्रमुख चिकित्सकों व सीए का सम्मान किया गया। इस दौरान अतिथियों ने अपने अनुभव और विचार क्लब सदस्यों के साथ साझा किए।

कार्यक्रम में शहर के प्रमुख चिकित्सक डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. विमल गर्ग, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. एसके सलूजा, डॉ. निपुणया पाठक, डॉ. अरुषा अग्रवाल और सीए अवनीश गुप्ता उपस्थित हुए। क्लब अध्यक्ष अरुंधति पेंढारकर ने बताया कि क्लब द्वारा प्रतिवर्ष डॉक्टर व सीए का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर इस धरा पर ईश्वर का रूप हैं जो दिन-रात अपनी सेवाएं देते हैं। वहीं राष्ट्र के आर्थिक विकास में सीए का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऐसे लोगों को सम्मानित कर क्लब गौरवान्वित है।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. संध्या सक्सेना ने किया। अंत में सचिव डॉ. प्रीति जोशी ने आभार व्यक्त

## कालभैरव मंदिर की अव्यवस्था पर अधिकारियों और महापौर से की चर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने श्री कालभैरव मंदिर सहित पूरे उज्जैन में वषार्काल में फैली अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

सुरेंद्र सांखला ने कहा कि वर्षा के दौरान महाकाल मंदिर सहित पूरे धार्मिक शहर उज्जैन में विकास कार्यों के चलते अनेक मार्ग खराब व जर्जर हो गए हैं। जहां-जहां दुर्घटना की संभावना है, फिसलन है या सीवरेज लाइनें क्षतिग्रस्त हैं, वहां संबंधित अधिकारी और ठेकेदार तुरंत संकेतक (साइन बोर्ड) और बैरिकेडिंग लगाएं। सुरेंद्र सांखला ने कहा कि श्री कालभैरव मंदिर की स्थिति सबसे खराब है। परिसर में अतिक्रमण है, बैरिकेड्स के अंदर कीचड़ है, सुलभ शौचालय नहीं है, और पेयजल व सफाई की व्यवस्था शून्य है। गर्भगृह छोटा होने के कारण श्रद्धालुओं को 3-3 घंटे लाइन में लगना पड़ रहा है। सुरेंद्र सांखला ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने कई अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी है और उज्जैन महापौर से भी चर्चा की है। प्रशासन को अस्थाई रूप से कालभैरव मंदिर परिसर में शौचालय, पेयजल, सफाई, प्रकाश और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करनी चाहिए।

सुरेंद्र सांखला ने कहा कि पिछले एक महीने में श्री कालभैरव मंदिर में तकरीबन 3.15 करोड़ रुपये दान में आए हैं, लेकिन प्रशासन 25 लाख रुपये भी अस्थाई व्यवस्थाओं पर खर्च करने को तैयार नहीं है। उल्टा ?500 का शुल्क लेकर असमानता फैलाई जा रही है और 2 लाख रुपये का कंटेनर ऑफिस बना दिया गया है, लेकिन श्रद्धालुओं की सुविधा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सुरेंद्र सांखला ने कहा कि महापौर और अधिकारियों को यह आश्वासन देना होगा कि 7 दिन के भीतर कालभैरव मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में अस्थाई व्यवस्थाएं की जाएंगी। दान की राशि का उपयोग श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर हो, शोबाजी पर नहीं।

## अति व्यस्त समाजी जीवनशैली का दुष्परिणाम है वृद्धाश्रम- इंजी. सरफराज कुरैशी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन देने के संकल्प के साथ माता-पिता सेवाधाम आश्रम का भव्य उद्घाटन समारोह सोमवार को कानीपुरा रोड स्थित तिरुपतिधाम कालोनी में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती बबीता घनश्याम जी गौड़, पार्षद वार्ड नंबर 4 एवं समस्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काट कर किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता इंजी. सरफराज कुरैशी अध्यक्ष जज्बा सोशल फाउन्डेशन द्वारा की गई। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकारजन सर्वश्री संदीप कुलश्रेष्ठ, श्री उदयसिंह चंदेल, श्री रशीद खान, श्री प्रवीण नागर, कालोनी अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र सिंह बुन्देला, परस्पर सहकारी बैंक के मेनेजर श्री सत्यनारायण सोमानी जी, समाजसेवीका श्रीमती शीतल जैन, श्री महेन्द्र जैन, श्री मुकेश बड़ेलवा, सिंगर सचिन जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अल्फाबेट अकेडमी संचालक श्री नईम खान ने किया तथा आभार श्री पुष्पेन्द्र जैन ने माना।

मुख्य अतिथि श्रीमती बबीता गौड़ ने कहा कि यह आश्रम उन असहाय बुजुर्गों के लिए एक नया परिवार बनेगा, जिन्हें इस समय सबसे ज्यादा अपनापन चाहिए। आज के दौर में भागदौड़ भरी जिन्दगी में बुजुर्ग अक्सर अकेले पड़ जाते हैं, ऐसे में संचालिका श्रीमती मीना जयंत का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणा है।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में इंजी. सरफराज कुरैशी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा, आज का वृद्धाश्रम आधुनिक समाज की एक कड़वी सच्चाई है। यह अति व्यस्त समाजी जीवनशैली का दुष्परिणाम है कि जिन माँ-बाप ने हमें इस लायक बनाया, आज उन्हें अलग से आश्रय की जरूरत पड़ रही है। हमें सोचना होगा कि हम कहाँ जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आश्रम एक जरूरत है, पर असली समाधान संयुक्त परिवार की सोच को फिर से अपनाना है। आपने संस्था को अपनी ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया गया। स्वागत भाषण में आश्रम की संचालिका श्रीमती मीना जयंत ने बताया कि आश्रम में रहने, शुद्ध भोजन, प्राथमिक चिकित्सा, योग, भजन और मनोरंजन की सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक आवास की व्यवस्था है।

## उज्जैन में 16 जुलाई से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, सीएम मोहन यादव होंगे मुख्य अतिथि

### संस्कृति विभाग, विक्रमादित्य शोधपीठ और इस्कॉन का संयुक्त आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इंदिरा नगर चौराहे से शुरू होने वाले इस मुख्य आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, श्रीकृष्ण पाथेय और इस्कॉन के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन समरसता का महापर्व के रूप में प्रदेश के 100 से अधिक स्थानों पर मनाया जाएगा। इस्कॉन के उपाध्यक्ष महामन महाराज, त्रिदंडी संन्यासी भक्ति प्रेम स्वामी महाराज और संस्कृति विभाग के सलाहकार श्रीराम तिवारी के निर्देशन में यह आयोजन हो रहा है।

श्री जगन्नाथ रथयात्रा 16 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे इंदिरा नगर चौराहे से भव्य चल समारोह के रूप में शुरू होगी। पूजा-अर्चना के बाद ठीक दोपहर 2 बजे श्रद्धालु रथ खींचना आरंभ करेंगे। इस वर्ष भगवान बलभद्र, सुभद्रा महारानी और जगन्नाथ स्वामी तीन अलग-अलग रथों में विराजेंगे। चल समारोह में सबसे आगे भगवान बलभद्र, उनके पीछे सुभद्रा महारानी और सबसे अंत में जगन्नाथ स्वामी का रथ रहेगा। यह भव्य यात्रा नगर पालिक निगम, कोयला फाटक, चामुंडा चौराहा, ओवर ब्रिज, टावर चौक, तीन बत्ती चौराहा और देवास रोड होते हुए शाम 6.30 बजे महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ पहुंचेगी। यात्रा के दौरान ढोल, ताशे, बग्घी, घोड़े, कीर्तन मंडलियां और जनजातीय समूहों के नृत्य दल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

रथयात्रा के समापन के बाद भगवान सात दिनों तक महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ स्थित अस्थायी गुंडीचा मंदिर में निवास करेंगे। यहां प्रतिदिन आरती, छप्पन भोग और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे तथा अंतरराष्ट्रीय कथावाचक कृष्णकिशोर द्वारा जगन्नाथ कथा सुनाई जाएगी। 20 जुलाई को श्वेता गूंजन जोशी की भजन संध्या आयोजित होगी। 24 जुलाई की शाम वापसी रथ यात्रा निकलेगी, जो महानंदा नगर बिरला चौराहा होते हुए इस्कॉन मंदिर पहुंचेगी। 16 जुलाई की संध्या इस्कॉन मंदिर में लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

आयोजन में श्रद्धालुओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस्कॉन उज्जैन के जनसंपर्क अधिकारी राघव पंडित दास ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर 16 जुलाई को उज्जैन में विशेष स्थानीय अवकाश घोषित करने का आग्रह किया है। इस संबंध में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेशनाथ, विधायक अनिल जैन और अखाड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजी गई है। बच्चों में नैतिक शिक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों को जागृत करने के उद्देश्य से प्रदेश के विद्यालयों में भी रथयात्रा आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके लिए एक विशेष मिनी रथ तैयार किया गया है।

## पौधारोपण कर मनाया पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का जन्मदिवस

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयवर्धन सिंह का जन्मदिवस चंद्रभान सिंह चंदेल मित्र मंडली द्वारा वार्ड क्रमांक 18 स्थित स्वर्गीय राधेलाल जी व्यास उद्यान में पौधारोपण कर उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कर्ण सिंह एडवोकेट द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उज्जैन नगर पालिका निगम के नेता प्रतिपक्ष रवि राय, दौलतगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रहीम लाला, कांग्रेस नेता हरीश लालावत, सावन तिलकर, दक्षिण यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पॉप सिंह, राजेश चौहान, सुनील दीक्षित, विपिन मिश्रा, सरदार भाई, आफताब कुरैशी, हिम्मत सिंह चौहान, राजेश परिहार, श्रीनाथ चौधरी, पंडित जीवन भट्ट, शुभम राय, आर्यन पटेल, राजेश बोड़ना, धर्मेंद्र कप्तान, मनीष यादव, मोहसिन पठान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं साथीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

### मारपीट के बाद भी मिल रही जान से मारने की धमकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

माकड़ोन थाना क्षेत्र के ग्राम पाट में 6 जुलाई को घर के बाहर शराब पीकर हंगामा करने का विरोध करने पर रवि जायसवाल के परिवार पर हुए हमले के मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना में रवि जायसवाल एवं उनकी माताजी शरदबाई गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका जिला अस्पताल के चरक भवन में उपचार चल रहा है। घटना के बाद माकड़ोन थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों पर अब तक गंभीर धाराओं में कार्रवाई नहीं की गई है। संजय जायसवाल ने बताया कि उनके घर के पास रहने वाले कुछ लोग आए दिन शराब पीकर हंगामा करते हैं। जब इसका विरोध किया गया तो पड़ोसियों ने गैंती, फावड़े और लाठी से हमला कर दिया। उनका आरोप है कि पुलिस ने केवल सामान्य धाराओं में मामला दर्ज किया है, जबकि घटना गंभीर प्रकृति की है। घायल रवि जायसवाल ने बताया कि वह मुकेश की दुकान के सामने से गुजर रहे थे। इसी दौरान मुकेश ने उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज की और गैंती से उनके सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद मुकेश का भाई चंदर सिंह और धर्मेंद्र भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि धर्मेंद्र ने फावड़े से तथा चंदर सिंह ने लाठी से हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।शोर सुनकर उनकी मां शरदबाई और भाई संजय जायसवाल बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर विवाद शांत कराया।

उज्जैन
शुक्रवार
10
जुलाई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

आपः सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस मे गृहे।
नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले ॥

**अर्थः** जल स्निग्ध पदार्थों की सृष्टि करे। लक्ष्मीपुत्र चिक्लीत! आप भी मेरे घर में वास करें और माता लक्ष्मीदेवी का मेरे कुल में निवास करायें।

## खबर एक नजर...

### रील बनाकर चाकू लहराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर।** हीरानगर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर चाकू के साथ रील बनाकर वीडियो शेयर करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो चाकू जब्त किए हैं। दोनों आरोपियों पर पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था। इसमें सुखलिया निवासी उदय तिवारी और कान्हा उर्फ कृष्णा शर्मा हाथों में चाकू लेकर नजर आ रहे थे। वीडियो मिलने के बाद पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की। रात में पुलिस ने दोनों आरोपियों को इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो चाकू बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लोगों में डर और दबदबा बनाने के लिए उन्होंने यह वीडियो बनाया था। पुलिस के मुताबिक, उदय आदतन अपराधी है। कान्हा के खिलाफ भी पहले के मामले दर्ज हैं। उसका आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। कुछ दिन पहले जाट गैंग से जुड़े तीन बदमाशों का भी सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में वे होटल के कमरे में शराब के नशे में खुलेआम जान से मारने की धमकी देते नजर आए थे। पुलिस के अनुसार, वे पहले परदेशीपुरा क्षेत्र में सक्रिय थे और बाद में लसूडिया इलाके में रहने लगे। हालांकि, इस मामले में अब तक पुलिस उन आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। उनकी तलाश जारी है।

### इंदौर में जैन मंदिर जा रही महिला से चेन लूटी

**इंदौर।** राजमोहल्ला क्षेत्र में गुरुवार सुबह जैन मंदिर दर्शन के लिए जा रही एक महिला से बाइक सवार तीन बदमाशों ने सोने की चेन लूट ली। वारदात के बाद स्थानीय लोगों ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन आरोपियों ने हथियार दिखाकर उन्हें डराया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। मल्हारगंज थाना पुलिस के अनुसार फरियादी इंदिरा जैन राजमोहल्ला क्षेत्र की निवासी हैं। गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे वह वैष्णव स्कूल के सामने स्थित जैन मंदिर दर्शन के लिए पैदल जा रही थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाश उनके पास पहुंचे और पीछे बैठे आरोपी ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन लूट ली। वारदात के बाद तीनों आरोपी तेज रफ्तार से फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और बदमाशों का पीछा भी किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी एमओजी लाइन की ओर भाग निकले। पीछा करने के दौरान बदमाशों ने हथियार दिखाकर लोगों को डराया, जिससे वे उन्हें पकड़ नहीं सके।

### साइकिल सवार बच्चे को बाइक ने मारी टक्कर

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर बच्चा सड़क हादसे में घायल हो गया। नगीन नगर इलाके में साइकिल चला रहे बच्चे को बाइक सवार दो युवकों ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एरोड्रम थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि हादसा बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। घायल बच्चे की पहचान 13 वर्षीय हर्ष नामदेव के रूप में हुई है। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक मौके पर ही रुक गए। आसपास के लोगों की मदद से घायल बच्चे को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने घायल बच्चे और उसके पिता कुंदन नामदेव के बयान दर्ज कर लिए हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में गुरुवार को बाइक सवार दोनों युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छत से गिरकर 12 वर्षीय छात्रा की मौत

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के कुंदन नगर में एक हादसे में 12 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। मासूम अपने घर की छत पर खेल रही थी, तभी संतुलन बिगड़ने से दूसरी मंजिल से नीचे गिर पड़ी। गंभीर रूप से घायल छात्रा को अस्पताल ले जाया गया, यहां इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गई। बालिका का नाम जान्हवी यादव (12) पिता मुकेश यादव निवासी कुंदन नगर है। वह 6वीं की छात्रा थी। बुधवार शाम करीब 5 बजे वह घर की छत पर खेल रही थी। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह दूसरी मंजिल की छत से नीचे गिर गई। हादसे के बाद परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि परिजन उसे निजी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही जान्हवी ने दम तोड़ दिया। द्वारकापुरी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया।

### वृद्ध दंपति ने बेटे-बहू पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक वृद्ध दंपती ने अपने ही बेटे और बहू पर मारपीट कर घर से निकालने, प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लसूड़िया थाना पुलिस के अनुसार कमला बाई पांडे (60) और उनके पति श्रीराम पांडे (68) निवासी स्कीम नंबर-78 ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके पुत्र मुकेश वर्मा (पांडे) और पुत्रवधु अलका वर्मा (पांडे) लंबे समय से उनके साथ अभद्र व्यवहार कर रहे थे।

---

**राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम की बेल पर सुप्रीम कोर्ट में सवाल, बड़ी बेंच जा सकता है मामला**

# टाइपिंग की गलती से गिरफ्तारी अवैध कैसे?

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हनीमून मर्डर केस में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। अदालत ने संकेत दिए कि वह इस कानूनी सवाल को बड़ी बेंच के पास भेज सकती है कि क्या गिरफ्तारी मेमो में केवल टाइपिंग की गलती (टाइपो) होने से गिरफ्तारी अवैध मानी जा सकती है और आरोपी को जमानत मिल सकती है।

जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस श्री चंद्रशेखर की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर विस्तार से विचार करेगी। साथ ही यह भी जांचेगी कि क्या मेघालय हाईकोर्ट ने केवल टाइपिंग की गलती के आधार पर सोनम रघुवंशी को जमानत देकर सही फैसला किया था।



**सरकार बोली- टाइपो के आधार पर जमानत देना गलत-** मेघालय सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में कहा कि यह बेहद गंभीर और सुनियोजित हत्या का मामला है। ऐसे मामले में गिरफ्तारी मेमो में एक टाइपिंग की गलती के आधार पर जमानत देना कानून की गलत व्याख्या है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के समय आरोपी को गिरफ्तारी के आधार उपलब्ध कराए गए थे। मेमो में गलत धारा का उल्लेख केवल एक लिपिकीय (क्लेरिकल) त्रुटि थी।

#### सुप्रीम कोर्ट ने मांगे मूल दस्तावेज

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी के समय लिखित आधार देना कितना जरूरी है, इस पर अलग-अलग फैसले हैं और इस कानूनी सवाल पर स्पष्टता जरूरी है। अदालत ने मेघालय पुलिस को निर्देश दिया कि गिरफ्तारी के समय आरोपी को दिए गए मूल दस्तावेज की स्पष्ट प्रतियां पेश की जाएं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उस समय वास्तव में क्या जानकारी दी गई थी।

सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज मिश्रा ने मौखिक रूप से कहा कि यदि जमानत का तकनीकी आधार टिकाऊ नहीं पाया गया, तो जमानत आदेश भी रद्द हो सकता है।

#### हाईकोर्ट ने क्यों दी थी जमानत?

मेघालय हाईकोर्ट ने सोनम रघुवंशी की जमानत इस आधार पर बरकरार रखी थी कि पुलिस गिरफ्तारी के उचित लिखित आधार उपलब्ध नहीं करा सकी। अदालत ने यह भी कहा था कि गिरफ्तारी मेमो में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की हत्या से जुड़ी धारा 103(1) की जगह गलती से धारा 403 लिख दी गई थी। हाईकोर्ट ने इसे जांच एजेंसी की ऱन्यायिक सोच के पूर्ण अभावऱ का उदाहरण माना था।

इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी मई 2025 में हनीमून मनाने मेघालय गए थे। 23 मई को दोनों लापता हो गए थे। बाद में 2 जून को राजा का शव एक गहरी खाई से बरामद हुआ।

पुलिस का आरोप है कि सोनम ने आर्थिक लाभ के लिए सुपारी किलर्स के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की साजिश रची थी। इस मामले में उसे गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल वह जमानत पर बाहर है, जबकि अन्य आरोपी जेल में बंद हैं।

---

**बेलदार असलम खान को झटका**

# करोड़ों की सोने की ज्वेलरी लौटाने के जिला कोर्ट के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

वर्ष 2018 में लोकायुक्त के चर्चित छापे में करोड़ों रुपए की संपत्ति मिलने के बाद सुर्खियों में आए नगर निगम के तत्कालीन बेलदार असलम खान को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंट से बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने जिला कोर्ट द्वारा जब्त सोने की ज्वेलरी लौटाने संबंधी आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

साथ ही स्पष्ट किया है कि अंतिम निर्णय होने तक सभी आभूषण लोकायुक्त की कस्टडी में ही सुरक्षित रहेंगे।

लोकायुक्त संगठन ने अगस्त 2018 में असलम खान के ठिकानों पर छापा मारकर आय से अधिक संपत्ति का खुलासा किया था। एक निम्न श्रेणी के कर्मचारी के यहां से मिली संपत्ति ने जांच एजेंसियों को भी चौंका दिया था।

कार्रवाई के दौरान करीब दो किलोग्राम सोने के आभूषण, लगभग एक किलोग्राम सोने की सिल्लियां (बार) और अन्य कीमती संपत्ति बरामद की गई थी। इस कार्रवाई के बाद असलम खान का मामला प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया था।

मामले में असलम खान ने जिला कोट में आवेदन प्रस्तुत कर दावा किया था कि छापे के दौरान उसकी पुत्रियों सिदरा खान, ताहेमीन खान और अलिस्बा खान और उसकी मां बिलकिस खान के निजी आभूषण भी जब्त कर लिए गए थे। आवेदन में कहा गया कि परिवार के ये सदस्य केस में आरोपी नहीं हैं, इसलिए उनकी ज्वेलरी वापस की जानी चाहिए।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 2018 में जब्त आभूषणों का मूल्य करीब 58 लाख रुपये आंका गया था, लेकिन सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के चलते वर्तमान में उनकी कीमत तीन करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है।

**70 लाख की गारंटी पर लौटाने का दिया था आदेश-** जिला कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए 70 लाख रुपए की बैंक गारंटी जमा कराने की शर्त पर ज्वेलरी लौटाने के निर्देश दिए थे। साथ ही यह शर्त भी लगाई गई थी कि आभूषणों को न तो बेचा जाएगा और न ही उनमें कोई परिवर्तन किया जाएगा। उनका उपयोग केवल पहनने और सुरक्षित रखने तक सीमित रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित आभूषण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा।



#### हाई कोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

- जिला कोर्ट के इस आदेश को चुनौती दिए जाने पर हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान अंतरिम राहत देते हुए आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि अंतिम सुनवाई और निर्णय होने तक जब्त की गई ज्वेलरी लोकायुक्त की कस्टडी में ही सुरक्षित रखी जाए। कोर्ट ने मामले के सभी पक्षों से जवाब भी तलब किया है।
- हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद करोड़ों रुपये मूल्य की सोने की ज्वेलरी फिलहाल लोकायुक्त के कब्जे में ही रहेगी। मामला अब अगली सुनवाई पर है।

---

# चलती बस में लगी आग

**टायर फटने से हुआ हादसा, समय रहते सभी यात्रियों को उतारा गया**



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के शिप्रा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे रीवा से इंदौर आ रही जय अंबे ट्रेवल्स की बस में अचानक आग लग गई। हादसा शिप्रा थाने के सामने हुआ। राहत की बात रही कि बस में सवार सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

पुलिस के मुताबिक, चलती बस का अचानक टायर फट गया। इसके बाद चालक ने बस को संभालने की कोशिश की। इसी दौरान घर्षण के कारण बस के अगले हिस्से में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। हादसे में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**यात्रियों को दूसरी बस से इंदौर भेजा गया-** घटना के बाद पुलिस ने सभी यात्रियों को दूसरी बस से इंदौर रवाना किया। बस में आग लगने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई थी। हालांकि, इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

**आग लगने के कारणों की जांच-** पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर टायर फटने के बाद हुए घर्षण को आग लगने की वजह माना जा रहा है।

---

# स्वास्थ्य विभाग का बड़ा एक्शन, 166 अटैचमेंट खत्म

**डॉक्टर-नर्स समेत सभी को तत्काल प्रभाव से जिला अस्पताल ज्वाइन करने के निर्देश**

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

स्वास्थ्य विभाग ने इंदौर में बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए 166 मेडिकल स्टाफ केअटैचमेंट तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिए हैं। सभी को जिला अस्पताल में पदस्थ करते हुए तत्काल ज्वाइन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

जिन कर्मचारियों के अटैचमेंट समाप्त किए गए हैं उनमें डॉक्टर्स, नर्सिंग ऑफिसर्स, बीईई, लैब टेक्नीशियन, लैब असिस्टेंट, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, डार्क रूम अटेंडेंट, वार्ड बॉय और स्वीपर सहित विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारी शामिल हैं। ये कर्मचारी लंबे समय से इंदौर जिले के विभिन्न अस्पतालों, संजीवनी केंद्रों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में अटैच होकर कार्यरत थे।

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग में जल्द ही स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की जानी हैं। इसके लिए आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराने की तैयारी के तहत यह निर्णय लिया गया है।



सभी संबंधित कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से जिला अस्पताल में ज्वाइन करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। अचानक हुए इस बड़े फैसले के बाद स्वास्थ्य विभाग में चचाओं का दौर तेज हो गया है। माना जा रहा है कि नई जिला अस्पताल बिल्डिंग के संचालन को गति देने के लिए यह अब तक की सबसे बड़ी प्रशासनिक पुनर्व्यवस्था है।

---

**काम अंतिम चरण में, जल्द मिलेगा बेसहारा पशुओं को स्थायी आश्रय, महापौर ने किया निरीक्षण**

# इंदौर में 10000 गौवंश के लिए तैयार हो रही गौशाला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में बेसहारा गौवंश के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में नगर निगम की महत्वाकांक्षी परियोजना अंतिम चरण में पहुंच गई है। आशापुरा क्षेत्र में बनाई जा रही 10 हजार गौवंश क्षमता वाली आधुनिक गौशाला का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसके शुरू होने के बाद शहर के बेसहारा गौवंश को सुरक्षित और सर्वसुविधायुक्त स्थायी आश्रय मिल सकेगा।

हाल ही में महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित जनप्रतिनिधियों ने गौशाला का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।



महापौर ने बताया कि पहले नगर निगम परिषद क्षेत्र स्थित रेशम केंद्र के सामने संचालित गौशाला में करीब 600 गौवंश का संरक्षण करता था, जबकि वर्तमान में नगर निगम की विभिन्न गौशालाओं में ढाई हजार से अधिक गौवंश का बेहतर सुविधाओं के साथ पालन-पोषण किया जा रहा है।

#### आशापुरा में 80 बीघा भूमि पर गौशाला

महापौर के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से आशापुरा क्षेत्र में करीब 80 बीघा भूमि उपलब्ध कराई गई, जहां जनभागीदारी के माध्यम से रिकॉर्ड समय में इस आधुनिक गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी क्षमता एक साथ 10 हजार गौवंश के संरक्षण की होगी। नगर निगम के मुताबिक निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और जल्द ही गौशाला का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद शहर में सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा गौवंश को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे पशुओं के संरक्षण के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं और यातायात संबंधी समस्याओं में भी कमी आने की उम्मीद है।

---

**पीड़िता बोली- लगातार पीछा किया, कार में बंधक बनाया, सुसाइड की धमकी भी दी**

# इंदौर हेड कॉन्स्टेबल ने महिला कॉन्स्टेबल से की छेड़छाड़

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के बाणगंगा थाना पुलिस ने देवास औद्योगिक थाने में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल राहुल शर्मा के खिलाफ महिला कॉन्स्टेबल से छेड़छाड़, धमकी और बंधक बनाने के आरोप में बुधवार को मामला दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से उसका पीछा कर रहा था, लगातार फोन कर परेशान करता था और शादी का दबाव बना रहा था।

देवास एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि इंदौर पुलिस से अपराध दर्ज होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। राहुल को तत्काल लाइन अटैच करने की कार्रवाई की गई है। मामले की जांच एसडीओपीओ बागली को सौंपी गई है। इस मामले में राहुल से पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया तो मोबाइल बंद आया। वहीं, परिचित पुलिसकर्मियों से बात की तो उनका कहना था कि वह अवकाश पर चला गया है।



पुलिस के मुताबिक, महिलाकॉन्स्टेबल ने बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि वह करीब एक साल से राहुल शर्मा को जानती है। दोनों की पहचान देवास में पदस्थापना के दौरान हुई थी। शुरूआत में बातचीत होती थी, लेकिन बाद में राहुल लगातार फोन करने लगा। मना करने के बावजूद वह बात करने का दबाव बनाता रहा।

#### परेशान होकर कराया ट्रांसफर

पीड़िता ने बताया कि राहुल की हरकतों से परेशान होकर उसने देवास से इंदौर तबादला करा लिया। इसके बाद भी आरोपी ने पीछा नहीं छोड़ा। उसने नंबर ब्लॉक कर दिया, लेकिन राहुल अलग-अलग नंबरों से फोन करता रहा और धमकियां देता रहा। वह कई बार उसका पीछा भी करता था।

#### आत्महत्या की धमकी देकर बनाया दबाव

शिकायत के अनुसार, राहुल ने कई बार कहा कि यदि महिला उससे बात नहीं करेगी तो वह आत्महत्या कर लेगा। एक बार वह महिलाकॉन्स्टेबल का पीछा करते हुए सरकारी अस्पताल तक पहुंच गया, जहां वह एक मामले में पीड़ित का मेडिकल कराने गई थी। वहां भी उसने उससे बात करने की कोशिश की और विवाद किया।

#### अधिकारियों को दी जानकारी

घटना के बाद महिला कॉन्स्टेबल ने थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर और वरिष्ठ अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी। शिकायत के आधार पर बाणगंगा पुलिस ने हेड कॉन्स्टेबल राहुल शर्मा के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी, मारपीट और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

#### कार में बंधक बनाने का आरोप

महिला कॉन्स्टेबल का आरोप है कि एक दिन राहुल ने जबरन उसे अपनी कार में बैठा लिया। बाणगंगा क्षेत्र में उसने कार के अंदर उसका मोबाइल छीन लिया और शादी करने का दबाव बनाने लगा। जब महिला ने बाहर निकलने की कोशिश की तो आरोपी ने कार लॉक कर दी और उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान महिला की मां का फोन आया। महिला ने उन्हें बताया कि राहुल ने उसे कार में बंधक बना रखा है। सूचना मिलते ही उसका भाई और पिता मौके पर पहुंचे। उन्हें आते देख आरोपी कार लेकर फरार हो गया।

# निलंबित अफसर बोला- जनपद से भोपाल तक कमीशन सिस्टम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सतना

मध्यप्रदेश के सतना में वित्तीय अनियमितताओं समेत कई शिकायतों के बाद निलंबित किए गए मझगवां जनपद पंचायत के संविदा उपयंत्री सतीश समेले गुरुवार को पहली बार मीडिया के सामने आए। उन्होंने दावा किया कि जनपद पंचायत से लेकर भोपाल तक कमीशन का पूरा सिस्टम चलता है। समेले का कहना है कि उनसे भी अधिकारियों के लिए वसूली कराई गई और इसके ऑडियो, वीडियो समेत अन्य सबूत उनके पास हैं, जिन्हें वह हाईकोर्ट में पेश करेंगे।



समेले ने आरोप लगाया कि सब इंजीनियर अब वसूली एजेंट बनकर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि वह खुद भी इस व्यवस्था का हिस्सा रहे हैं और उनसे भी वसूली कराई गई। कब-कब चंदा हुआ और किस तरह पैसा नीचे से ऊपर तक पहुंचा, इसके ऑडियो और वीडियो रिकॉर्ड उनके पास हैं। उनका दावा है कि ये सभी सबूत वह हाईकोर्ट में पेश करेंगे।

समेले ने कहा, कौन माई का लाल है जो पैसा नहीं लेता। अगर कोई नहीं लेता तो हनुमान जी के सामने अपने बेटे की कसम खाए, तब मैं मान जाऊंगा।₹ उनका दावा है कि निर्माण कार्यों में नीचे से ऊपर तक अलग-अलग स्तर पर कमीशन तय रहता है। उन्होंने अपने ऊपर लगे कमीशन लेने के आरोपों को भी निराधार बताया। उनका कहना है कि ईएमएफ, ग्रांट और अन्य मद के कार्यों में 10 से 15 प्रतिशत तक कमीशन लिया जाता है। उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) से लेकर भुगतान तक कई स्तरों पर पैसा देना पड़ता है।

समेले का दावा है कि सरपंच, सचिव, जीआरएस, सब इंजीनियर, सहायक यंत्री और जनपद स्तर तक कमीशन का प्रतिशत पहले से तय रहता है। समेले ने आरोप लगाया कि जिले, कमिश्नरी और भोपाल से निरीक्षण के लिए आने वाले अधिकारियों के लिए भी ₹सूटकेस₹ भेजे जाते हैं। उनका कहना है कि पूरी व्यवस्था कमीशन पर आधारित है। समेले ने कहा कि उनके खिलाफ की गई कार्रवाई पूरे सिस्टम को बचाने की कोशिश है। उनका दावा है कि हाईकोर्ट में सभी प्रमाण पेश कर बताएंगे कि किस तरह वसूली होती है और सब इंजीनियरों को बलि का बकरा बनाया जाता है। उनका आरोप है कि भोपाल तक के अधिकारी भी इस व्यवस्था का हिस्सा हैं।

# कान्हा टाइगर रिजर्व में 2 हजार कुत्तों का हुआ वैक्सीनेशन

## सरकार ने हाईकोर्ट में दी जानकारी, अदालत ने कहा-सुप्रीम कोर्ट के निदेशों का हो पालन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की मौत से जुड़ी जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि कैनाइन डिस्टेंपर वायरस की रोकथाम के लिए कान्हा टाइगर रिजर्व के आसपास 2 हजार कुत्तों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। अब उन्हें बूस्टर डोज देने की तैयारी की जा रही है।

सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और टाइगर रिजर्व प्रबंधन को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि प्रदेश के सभी 9 टाइगर रिजर्व में वन्यजीव विशेषज्ञ वेटरनरी डॉक्टर तैनात किए जाएं और खाली पद जल्द भरे जाएं। साथ ही कुत्तों की बढ़ती संख्या रोकने के लिए डॉग बर्थ कंट्रोल की व्यवस्था करने को भी कहा।



कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि 17 अगस्त से पहले सभी टाइगर रिजर्व के आसपास कुत्तों के वैक्सीनेशन की स्थिति पर रिपोर्ट पेश की जाए।

यह जनहित याचिका कान्हा टाइगर रिजर्व में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) से बाघों की संदिग्ध मौतों को लेकर दायर की गई है। सरकार ने कोर्ट को बताया कि वायरस के फैलाव को रोकने के लिए सीमावर्ती गांवों में कुत्तों का वैक्सीनेशन कराया गया है। मुंबई के चेंबूर निवासी अधिवक्ता सुब्रत चक्रवर्ती की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि रॉयल बंगाल टाइगर की सुरक्षा के लिए वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निदेशों का पालन जरूरी है। इनका पालन नहीं होने से बाघों की मौत बढ़ी है।



याचिका में यह भी कहा गया कि वायरस अन्य टाइगर रिजर्व तक फैल सकता है। इसलिए प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व के आसपास कुत्तों का वैक्सीनेशन कराया जाए। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के नवंबर 2025 के आदेश के बावजूद खाली पद नहीं भरे गए हैं।

याचिका के अनुसार अप्रैल में बाघिन सुनैना, बाघिन अमाही और उसके चार अर्धवयस्क शावकों की मौत हुई थी। इसके बाद 19 मई 2026 को युवा नर बाघ महावीर की भी मौत हो गई। इसी अवधि में बालाघाट और किसली क्षेत्र में दो अन्य वयस्क नर बाघ भी मृत मिले। इस तरह करीब एक महीने में कान्हा टाइगर रिजर्व में 8 बाघों की मौत दर्ज हुई।

सुनवाई के दौरान टाइगर रिजर्व के लिए केंद्र सरकार से पर्याप्त फंड नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया गया। इस पर हाईकोर्ट पहले ही केंद्र और राज्य सरकार से जवाब तलब कर चुका है। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह और प्रतीक रूसिया ने पैरवी की।

# शौहर के इंतकाल के बाद कराई 3.70 लाख की एफडी फर्जी निकली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायसेन

शौहर के इंतकाल के बाद बच्चों के भविष्य के लिए 3.70 लाख रुपए की एफडी कराई थी। कियोस्क संचालक ने बैंक की सील लगी रसीद और दस्तावेज भी दिए थे, लेकिन अब बैंक में इसे फर्जी बताया जा रहा है। जब तक मेरी जमा राशि नहीं मिलेगी, मैं न्याय के लिए संघर्ष करती रहूंगी।

यह दर्दनाक दास्तां तिपट्टा बाजार निवासी नुसरत बी की, जिन्होंने सांची रोड स्थित एसबीआई के कियोस्क सेंटर से एफडी करवाई थी। नुसरत बी की तरह ही इस धोखाधड़ी का शिकार हुए कई और बेसहारा लोग अब इंसाफ के लिए भटक रहे हैं। इन्हीं में शामिल है तिपट्टा निवासी गुलस्ता बी, उन्होंने बताया कि मकान बेचने से मिली राशि में से 1.70 लाख रुपए कियोस्क में जमा किए थे। अब खाते में केवल 10 हजार रुपए दिखाई दे रहे हैं। वहीं जमना प्रसाद भीख मांगकर जीवन यापन करते हैं। उन्होंने बताया कि वर्षों से बचाए 31 हजार रुपए कियोस्क में जमा किए थे, लेकिन अब खाते में वह रकम नहीं है। वार्ड-3 निवासी रचना यादव ने बताया कि उन्होंने मेहनत मजदूरी करके बच्चों की पढ़ाई के लिए 37 हजार रुपए जमा किए थे। कियोस्क संचालक ने अंगूठा लगवाकर 25 हजार रुपए निकाल लिए। उन्हें पैसे नहीं दिए।

## कोटे की 25% बारिश पूरी, 32 जिलों में सामान्य से ज्यादा पानी गिरा

# मध्यप्रदेश के पन्ना, सतना में आज हेवी रेन का अलर्ट, कहीं-कहीं बुंदाबांदी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में कोटे की 25 प्रतिशत यानी, 9.4 इंच बारिश हो गई है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत 32 जिलों में सामान्य से ज्यादा पानी गिरा। क्टऊ (मौसम केंद्र) की मानें तो पूरे जुलाई पानी बरसेगा। इससे आंकड़ा और भी बढ़ जाएगा।

मौसम विभाग ने 4 दिन तक प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं हलकी बारिश का अनुमान जताया है। पन्ना और सतना जिले में भारी बारिश का अलर्ट है। 24 घंटे के दौरान यहां 4 इंच या इससे ज्यादा पानी गिर सकता है। इसके अलावा भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में भी बारिश का अनुमान है। प्रदेश में गुरुवार को भी बारिश का दौर रहा। मंडला में पौन इंच पानी गिर गया। सिंगरौली में आधा इंच से अधिक और बालाघाट में आधा इंच बारिश हुई। बैतूल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर, खजुराहो, सागर, सतना, सीधी में भी पानी गिरा।

प्रदेश में देवास सबसे ज्यादा बारिश वाला जिला है। यहां 125 प्रतिशत ज्यादा पानी गिर चुका है। मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो यहां अब तक 18 इंच बारिश हो चुकी है। इंदौर-सीहोर में 14 इंच बरसात हुई है। हरदा में 15 इंच पानी गिर चुका है। भोपाल में 13.1 इंच पानी गिरा है। आगर-मालवा, अशोकनगर, बैतूल, बुरहानपुर, गुना, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, विदिशा, अनूपपुर, बालाघाट, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, मंडला, पांढुर्णा, पन्ना, सागर, सिवनी और उमरिया जिले भी बेहतर स्थिति में हैं। आलीराजपुर में सबसे कम सवा 2 इंच ही बारिश हुई है।

### इन जिलों में सामान्य से कम/ज्यादा बारिश

कम बारिश वाले जिले- अनूपपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आलीराजपुर, दतिया, धार, झाबुआ, नर्मदापुरम, रायसेन, शिवपुरी।

ज्यादा बारिश वाले जिले- छतरपुर, रतलाम, मुरैना, दमोह, डिंडौरी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, निवाड़ी, पांढुर्णा, सिवनी, आगर-मालवा, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, देवास, गुना, ग्वालियर, हरदा, इंदौर, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, नीमच, राजगढ़, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, उज्जैन और विदिशा।



### प्रदेश में 10 प्रतिशत बारिश ज्यादा

प्रदेश में इस बार पूरे जून महीने आंधी-बारिश का दौर रहा। इसके बावजूद कोटे से 30 प्रतिशत पानी कम बरसा, लेकिन जुलाई के 9 दिन ने यह कोटा न सिर्फ पूरा कर दिया, बल्कि 10 प्रतिशत ज्यादा पानी बरसा दिया। आंकड़ों की बात करें तो प्रदेश में अब तक कुल 234.4 मिमी यानी, 9.4 इंच पानी गिर चुका है। यह सामान्य बारिश 212.3 मिमी (8.3 इंच) से 10 प्रतिशत ज्यादा है। पूर्वी हिस्से में 9 प्रतिशत कम बारिश हुई है, जबकि पश्चिमी हिस्से में औसत से 29 प्रतिशत पानी ज्यादा गिरा है।

# सतना के युवक की हत्या, कुएं में तैरने लगा शव तो नाले के पास दफना दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सतना

मध्यप्रदेश के रीवा जिले में तीन महीने से लापता युवक की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। सतना जिले के रहने वाले 20 वर्षीय विपिन कुमार यादव की हत्या 27 मार्च को उसकी ससुराल में कर दी गई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी ने पहले उसका गला घोंटा, फिर शव कुएं में फेंक दिया।

कुछ समय बाद शव पानी में ऊपर आ गया तो उसे निकालकर अपने घर से करीब 300 मीटर दूर जमीन में दफना दिया, ताकि उस जगह पर नजर रख सके। गुरुवार शाम कार्यपालिक दंडाधिकारी की मौजूदगी में खुदाई कर शव बरामद किया गया। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। विपिन कुमार यादव, सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के मोहार टोला (भगदेवरा) का रहने वाला था। उसकी शादी रीवा जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के टीकर गांव में हुई थी। वह 26 मार्च को ससुराल गया था। अगले दिन उसके परिजनों से संपर्क टूट गया।

28 मार्च को उसके पिता संतू यादव ने सतना के रामपुर बघेलान थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शुरूआती जांच में पुलिस को लगा कि युवक किसी बात से नाराज होकर चला गया होगा। रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जांच के दौरान पुलिस को युवक की आखिरी मोबाइल लोकेशन गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के टीकर गांव में मिली, जो आरोपी सुनील कुशवाहा का गांव है। इसके बाद पुलिस ने वहां के लोगों और रिश्तेदारों से पूछताछ शुरू की। इसी दौरान मृतक की पत्नी की कॉल डिटेल खंगाली गई, जिसमें सुनील कुशवाहा से उसकी लगातार बातचीत सामने आई। दोनों दिन में कई बार फोन पर बात करते थे और लंबी बातचीत भी होती थी। इसी आधार पर पुलिस ने सुनील को हिरासत में लिया।

### घर के पास नाले से शव बरामद

सुनील ने पूछताछ में हत्या करना स्वीकार किया और शव दफनाने की जगह बता दी। पुलिस ने उसे मृतक की पत्नी के घर से हिरासत में लिया था। आरोपी की निशानदेही पर गुरुवार शाम करीब चार बजे टीकर गांव में उसके घर से करीब 300 मीटर दूर नाले के पास खुदाई शुरू कराई गई। कार्यपालिक दंडाधिकारी की मौजूदगी में कुछ फीट नीचे दफन शव बरामद हुआ।

# 2018 में बजी थी नरोत्तम के लिए खतरे की घंटी, 11 हजार की लीड घटकर 2656 पर आ गई थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दतिया

दतिया विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को मतदान होना है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही दलों ने अब तक उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नहीं किया है। बीजेपी की ओर से पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का नाम लगभग तय माना जा रहा है।

दतिया विधानसभा में पिछले आठ चुनावों का परिणाम बताता है कि 2018 में ही डॉ. नरोत्तम मिश्रा के लिए खतरे की घंटी बज चुकी थी। लगातार मजबूत पकड़ रखने वाले नरोत्तम उस चुनाव में कांग्रेस के राजेंद्र भारती को महज 2,656 वोट से हरा पाए थे।

पांच साल बाद 2023 में यही मुकाबला पलट गया और राजेंद्र भारती ने 7,742 वोटों से नरोत्तम मिश्रा को हरा दिया। अब नरोत्तम अपने सार्वजनिक कार्यक्रमों में कार्यकताओं और मतदाताओं से ₹गलतियों₹ के लिए माफी मांग रहे हैं, जबकि कांग्रेस इसे उनकी राजनीतिक स्वीकारोक्ति बता रही है। दतिया विधानसभा के चुनावी आंकड़े भी इसी बदलते ट्रेंड की कहानी कहते हैं



हैं राजेन्द्र भारती के पिता श्याम सुंदर श्याम दतिया से चार बार विधायक रहे। 1985 में राजेंद्र भारती ने पहला विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद 1990 में दूसरी बार कांग्रेस से विधायक बने। 1993 में कांग्रेस ने घनश्याम सिंह को उतारा और वे दतिया से जीत गए।

1998 के चुनाव में कांग्रेस ने चंदन सिंह को टिकट दिया तो राजेंद्र भारती बागी होकर समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़े और उन्होंने जीत दर्ज की।

2003 में कांग्रेस ने फिर घनश्याम सिंह को टिकट दिया तो राजेंद्र भारती एनसीपी से चुनाव लड़ गए, लेकिन उन्हें हार मिली और घनश्याम सिंह फिर चुनाव जीत गए। 2008 में कांग्रेस ने घनश्याम सिंह को फिर प्रत्याशी बनाया तो राजेंद्र भारती बसपा से चुनाव लड़े।

इस चुनाव में बीजेपी के नरोत्तम मिश्रा जीत गए। 2013 में राजेंद्र भारती ने कांग्रेस में वापसी कर चुनाव लड़ा। उन्हें लगातार दो चुनावों 2013 और 2018 में हार का सामना करना पड़ा। 2023 में वे नरोत्तम मिश्रा को चुनाव हराकर विधानसभा पहुंचे।

# गडकरी की सुरक्षा में चूकःएमपी में एक्सप्रेस-वे पर गुजरते काफिले के सामने आए 3 युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सुरक्षा में गुरुवार दोपहर चूक का मामला सामने आया है। 8 लेन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर गडकरी के काफिले के सामने अचानक तीन युवक आ गए। घटना रतलाम जिले के शिवगढ़ ब्रिज के पास की है। केंद्रीय मंत्री के काफिले में शामिल वाहन इन ग्रामीणों के बगल से गुजरते हुए दूसरी लेन से निकल गए। इन गाड़ियों की रफ्तार करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटा थी। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। दिख रहा है कि हाईवे के बीच में खड़े तीन युवक गाड़ियों को रुकने का इशारा कर रहे हैं।

गडकरी बुधवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करने राजस्थान पहुंचे थे। उन्होंने बूंदी से कोटा तक करीब 90ङ्ट की दूरी में एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया। इसके बाद वे गुजरात जा रहे हैं। इसी दौरान गुरुवार को रतलाम से भी गुजरे थे। पुलिस ने मामले की पड़ताल की। युवकों के नाम शांतिलाल (32), नंदलाल भाभर (30) और दिनेश भाभर (30) हैं। ये सभी निमकोपाड़ा पलसोड़ी गांव के रहने वाले हैं। युवकों ने पुलिस को बताया कि उनके बच्चे हाईवे के दूसरी तरफ बने स्कूल में पढ़ते हैं। गुरुवार को भी वे बच्चों को स्कूल

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**

**पश्चिम रेलवे वाणिज्य शाखा ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल, वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे ने मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर केटरिंग यूनिटो के आवंटन के लिये ई-नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग को IREPS वेबसाईट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है। **केटलॉग संख्याः** CTG-RTM-26-2 **लोट न.:** Catg-RTM-THDR-GMU-9-23-1, Catg-RTM-PPD-GMU-12-23-1, Catg-RTM-RAU-GMU-8-23-1, Catg-RTM-PIP-GMU-256-26-1, Catg-RTM-MGN-SMU-246-25-1, Catg-RTM-MKC-GMU-244-25-1, **अनुबंध का प्रकार-केटरिंग यूनिटः** Catg-RTM-RJQ-GMU-7-23-1, Catg-RTM-FTD-GMU-25-23-1, Catg-RTM-MGN-SMU-252-26-1, Catg-RTM-THDR-SMU-253-26-1, Catg-RTM-BNG-GMU-4-23-1. अनुबंध की अवधि-5 वर्ष ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिये ई-नीलामी दिनांक-22/07/2026 को 11.30 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रनिक लॉट को बंध करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटसाईज समापन समय देखा जा सकता है।

0139 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे

हमें लाइक करे : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करे: twitter.com/WesternRly

## खबर एक नजर...

### भीषण हादसाः खड़े ट्रक में घुसी कार, चार की मौत



**उमरिया।** एनएच-43 पर उमरिया के भरौला गांव के पास गुरुवार तड़के सड़क किनारे खड़े ट्रक से एक कार जा टकराई। हादसे में तीन वर्षीय मासूम बच्चे, उसके माता-पिता सहित 4 लोगों की मौत हो गई। हादसे में अनूपपुर जिले के लीला गांव निवासी कुलपत सिंह (37), उनकी पत्नी एवं चचाई थाने में पदस्थ आरक्षक सविता सिंह (32), तीन वर्षीय बेटा रुद्र प्रताप मार्को और रिश्तेदार प्रियंका (24) की मौत हो गई। प्रियंका की बहन खुशबू मार्को (22) गंभीर रूप से घायल हुई। सभी लोग रिश्तेदार प्रियंका व खुशबू को चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय छोड़ने जा रहे थे। मां हैं सरपंच, पत्नी थीं पुलिस आरक्षकः मृतक कुलपत सिंह की मां झुगली बाई अनूपपुर जिले के करनपठार थाना क्षेत्र के लीला गांव की सरपंच हैं। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत का अधिकांश काम कुलपत सिंह ही संभालते थे। उनकी पत्नी सविता सिंह पुलिस विभाग में चचाई थाने में आरक्षक के पद पर पदस्थ थीं।

मशीन से काटकर निकाले शवः टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और अगला हिस्सा पूरी तरह ट्रक में धंस गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और रेस्क्यू टीम ने मशीन से कार काटकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों के अनुसार खुशबू मार्को को पहले मृत समझ लिया गया था, लेकिन जांच के दौरान जीवन के संकेत मिलने पर तत्काल सीपीआर दिया गया। इससे उसकी सांसें लौट आईं। बाद में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### तेज गाने बंद करने की बात पर बुजुर्ग पर हमला, मंदसौर में ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश

**मंदसौर।** यशोधर्मन थाना क्षेत्र के माल्याखेड़ी गांव में तेज आवाज में गाने बजाने से रोकने पर एक बुजुर्ग पर हमला कर दिया गया। मामूली विवाद के बाद गांव के ही एक युवक ने लाठी से बुजुर्ग के सिर पर वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में उनके सिर में 20 से अधिक टांके लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, माल्याखेड़ी निवासी भेरूलाल पिता फकीरचंद (60) गुरुवार रात करीब 11 बजे अपने घर पर टीवी देख रहे थे। परिवार के अन्य सदस्य सो चुके थे। इसी दौरान गांव का महेश पिता जगदीश मीणा ट्रैक्टर लेकर उनके घर के सामने पहुंचा, जिसमें तेज आवाज में गाने बज रहे थे। भेरूलाल ने बाहर निकलकर आवाज कम करने को कहा, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। परिजनों का आरोप है कि विवाद के दौरान महेश ने पहले ट्रैक्टर से भेरूलाल को टक्कर मारने का प्रयास किया। जब भेरूलाल ने खुद को बचाया, तो आरोपी ने लाठी उठाकर उनके सिर पर लगातार कई वार किए। शोर सुनकर परिजन बाहर आए, जिसके बाद आरोपी ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया।

### विदिशा के थाने में जहर खाया, युवक की जान गई

**विदिशा।** विदिशा के सिविल लाइन थाना परिसर में जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक आकाश प्रजापति की गुरुवार शाम जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस अब युवक की मौत से पहले मोबाइल में की गई रिकॉर्डिंग, परिजनों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, बैसरिया निवासी आकाश प्रजापति को मंगलवार को उसकी पत्नी की शिकायत पर सिविल लाइन थाने बुलाया गया था।

# अंडरवॉटर फाइट सीन शूट करने वाली पहली अभिनेत्री बनीं रश्मिका मंदाना



क्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपनी आने वाली फिल्म 'म्यासा' के लिए एक बड़े अंडरवॉटर एक्शन सीन की शूटिंग पूरी कर ली है। मेकर्स के अनुसार, यह भारत का पहला फीमेल-लीड अंडरवॉटर फाइट सीन है, जिसमें एक्ट्रेस ने बिना किसी एक्शन डबल का इस्तेमाल किए खुद स्टंट किए हैं।

मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इस सीन की एक झलक और शूटिंग के दौरान की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। रश्मिका ने इस सीन को पूरा करने के लिए दो दिनों में लगभग 20 घंटे पानी के अंदर बिताए। यह अपडेट शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, ह्यभारत का पहला फीमेल अंडरवॉटर फाइट सीन जिसे रश्मिका मंदाना ने लीड किया है। सतह कभी भी सीमा नहीं थी। गहराई में एक ऐसी लड़ाई छिपी है, जैसी भारतीय सिनेमा ने पहले कभी नहीं देखी।

इस जबरदस्त नजारे को देखने के लिए तैयार हो जाइए।ह्न एक और पोस्ट में, मेकर्स ने बताया कि यह सीन पूरा हो गया है और साथ ही यह भी कहा कि फिल्म के टीजर की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

रश्मिका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इस सीन की शूटिंग का अनुभव भी शेयर किया। इसे अपने करियर का अब तक का सबसे मुश्किल चैलेंज बताते हुए उन्होंने लिखा, ह्यमुझे पता है कि मैं कुछ समय से गायब थी, लेकिन हम यही कर रहे थे। यह अब तक की मेरी जिंदगी का सबसे मुश्किल काम है। हम इसके लिए बहुत उत्साहित हैं और इसी वजह से मैं भी बहुत एक्साइटेड हूं। चलो शुरू करते हैं।

रविंद्र पुल्ले द्वारा निर्देशित ह्यम्यासाह्न ने डायरेक्ट किया है और इसे अनफॉर्मूर्ला फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म को आदिवासी इलाकों पर आधारित एक इमोशनल एक्शन थ्रिलर बताया जा रहा है। यह रश्मिका मंदाना की पहली फीमेल-लीड पैन-इंडिया एक्शन फिल्म है और यह 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'टॉक्सिक' से नहीं होगा 'द वन' का टकराव

सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया अभिनीत फिल्म 'द वन' (ळॅी ३५ल्ल) के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान किया है। आज गुरुवार को फिल्म का मोशन पोस्टर साझा किया गया है। इसी के साथ रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया है। पहले यह फिल्म अगस्त में रिलीज होनी थी, मगर अब दर्शक इसे सितंबर में देख पाएंगे।

## कब रिलीज होगी फिल्म?



फिल्म का नया मोशन पोस्टर सामने आया है। इसमें सस्पेंस और थ्रिल दोनों हैं। मोशन पोस्टर में देखा जा सकता है कि एक ताकतवर योद्धा बाघ और नंदी के बीच खड़ा है। वह निडर होकर सामना कर रहा है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'बाघ उसकी दहाड़ है...नंदी उसकी शक्ति। और वन...उसकी कहानी'। यह फिल्म अब 25 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# तलाक की अफवाहों पर बोले प्रिंस नरूला-युविका चौधरी

टीवी कपल प्रिंस नरूला और युविका चौधरी ने अपनी शादी टूटने और तलाक की अफवाहों पर पहली बार खुलकर बात की है। नेहा धूपिया और अंगद बेदी के चैट शो 'डबल डेट' में कपल ने माना कि एक समय उनके बीच हालात इतने मुश्किल हो गए थे कि उन्होंने अलग होने का फैसला कर लिया था। दरअसल, कुछ समय पहले दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया था और प्रिंस के एक व्लॉग के बाद उनके अलग होने की खबरें थीं, जिससे फैंस के बीच उनके रिश्ते को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। प्रिंस नरूला ने चैट शो में सफाई देते हुए बताया कि उनके एक पुराने व्लॉग की बात को लोगों ने पूरी तरह गलत समझ लिया था। प्रिंस के मुताबिक, उस समय वे काफी दबाव में थे। युविका की प्रेग्नेंसी चल रही थी, नया घर बन रहा था और काम का भी प्रेशर था। वे चाहते थे कि बच्चा नए घर में आए। धूल-मिट्टी से एलर्जी से बचाने के लिए उन्होंने युविका को कुछ समय के लिए उनकी मां के घर भेज दिया था। व्लॉग में प्रिंस ने कह दिया कि 'हम अब साथ नहीं रहते', जिसका मतलब सिर्फ अलग-अलग घर था, लेकिन लोगों ने इसे तलाक से जोड़ दिया।

# प्रियंका चोपड़ा ने साझा किया द साइकिल ऑफ लव का ट्रेलर

प्रियंका चोपड़ा ने बतौर एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूस एक डॉक्यूमेंट्री 'द साइकिल ऑफ लव' बनाई है। इसमें एक भारतीय आर्टिस्ट पी. महानंदिया की असल जिंदगी की प्रेम कहानी दिखाई जाएगी। गुरुवार को डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। 1970 के दशक में अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए भारत से स्वीडन तक लगभग 6,000 मील की साइकिल यात्रा आर्टिस्ट पी. महानंदिया ने की थी। इसी कहानी को डॉक्यूमेंट्री 'द साइकिल ऑफ लव' में दिखाया जाएगा। यह कहानी प्रेम की एक अनोखी दास्तां और अहसास को बयां करती है।



## कब रिलीज होगी डॉक्यूमेंट्री?

ट्रेलर साझा करने के साथ ही प्रियंका चोपड़ा ने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर बताया है कि यह डॉक्यूमेंट्री अमेरिका में 28 अगस्त और यूके में 18 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। प्रियंका ने यह भी लिखा कि दूसरे देशों में रिलीज की तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। फिल्में प्रोड्यूस करने के अलावा प्रियंका चोपड़ा एक्टिंग में भी व्यस्त हैं। बीते दिनों उनकी एक अमेरिकी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द ब्लफ' रिलीज हुई थी। इसके अलावा वह एस.एस. राजामौली की आने वाली फिल्म 'वाराणसी' भी कर रही हैं। इस फिल्म के जरिए वह भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं। फिल्म ह्यवाराणसीह्न में वह मंदाकिनी का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म में लीड रोल में साउथ के एक्टर महेश बाबू हैं।

# दिलजीत दोसांझ से फैन ने पूछा अमेरिकी नागरिकता पर सवाल

सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ ने अपनी अमेरिकी नागरिकता के दावों पर सीधा जवाब देने से परहेज किया है। हाल ही में एक इंस्टाग्राम लाइव सेशन के दौरान जब फैंस ने उनसे यूएस ग्रीन कार्ड और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर सवाल किए, तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिलजीत के पास साल 2022 से ही अमेरिकी नागरिकता होने का दावा किया जा रहा है। दिलजीत दरअसल अपनी फिल्म 'सतलुज' को भारत में जी5 प्लेटफॉर्म से हटाए जाने के विवाद पर बात करने के लिए लाइव आए थे।

ग्रीन कार्ड के सुझाव पर दिया मजाकिया जवाब इंस्टाग्राम लाइव के दौरान एक फैन ने दिलजीत को अमेरिकी ग्रीन कार्ड के लिए अप्लाई करने का सुझाव दिया। इस पर मुस्कुराते हुए दिलजीत ने कहा कि मैं एक कार्ड लूंगा और उस पर हरा रंग कर लूंगा। उन्होंने आगे कहा कि मैं इस पर कुछ नहीं बोल रहा हूं, नहीं तो सब कुछ छोड़कर इस पर न्यूज बन जाएगी। दुनिया का यह ड्रामा कभी खत्म नहीं होगा।

डोनाल्ड ट्रंप की बेटी को लेकर कही यह बात लाइव सेशन में ही एक दूसरे फैन ने मजाक में दिलजीत से कहा कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात कर-के सभी के लिए अमेरिकी नागरिकता पक्की करवा दें। इस पर हंसते हुए दिलजीत ने कहा कि आप लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं? मैं सिर्फ एक कलाकार हूं।

मैं उनसे नागरिकता के मुद्दों को हल करने के लिए कैसे कह सकता हूं? उन्होंने खुलासा किया कि ट्रंप की बेटी उन्हें इंस्टाग्राम पर फॉलो करती है, लेकिन उन्होंने कभी उनसे बात नहीं की है। दिलजीत ने कहा कि वे कभी किसी से फेवर नहीं मांगते।

रिपोर्ट में अमरीकी नागरिकता का दावा दिलजीत की नागरिकता को लेकर यह चर्चा कुछ महीने पहले इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के बाद शुरू हुई थी। इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि दिलजीत साल 2022 में अमेरिका के नागरिक बन चुके हैं और 1 सितंबर 2022 से अमेरिकी पासपोर्ट पर सफर कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उनका आखिरी भारतीय पासपोर्ट साल 2018 में मुंबई से जारी हुआ था।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

मंटू - कल मैंने रॉकेट छोड़ा
तो सीधे सूरज से जा टकराया।
घंटू - क्या बात कर रहा है?
मंटू - फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
घंटू - किसने मारा?
मंटू - सूरज की मम्मी ने...


00000000000

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना। वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।

000000000

डॉक्टर - तुमने आने में देर कर दी।
पप्पू - क्या हुआ डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास? डॉक्टर - मर नहीं रहे हो,
6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

## वर्ग पहेली



वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 3 | | 6 | | 10 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 24 | | 2 | | 12 | | 2 | = | 12 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 32 | | 43 | | 18 | | 22 | = | [illegible] |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | र्म | मे | रि | दु | ला | रा | ल | क | लं | क |
| बू | खु | क | दू | ई | जी | क | शि | या | इ | नी |
| त | पी | जा | स्ले | र | ग | बा | स | ह | प | ल |
| र | ज | ए | रा | जा | बा | दू | ल | यु | लि | प्रे |
| व | र | रा | जा | जी | क | ला | कि | यो | ग | म |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | ला | शी | ह | गी | श |
| न | अ | ल | रा | व | मा | जो | ई | व | प | ति |
| क | रि | ल | र | क | र | ह | त्या | ल | वि | क |
| र | क | ल | श | रा | ब | ज | जी | शा | जू | म |
| र | ज | ल | नो | मा | व | ति | का | री | टि | जो |
| बॉ | क | र | तू | त | व | ले | स | क | म | र |

शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत कर्म, कमर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**माथा पच्ची का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | x | 2 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| + | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 20 | x | 5 | - | 50 | + | 2 | = | 25 |
| + | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 30 | + | 30 | x | 1 | - | 30 | = | 30 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | + | ■ | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | - | 12 | - | 30 | + | 21 | = | [illegible] |

**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकू नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# ईरान बोला- होर्मुज में दखल दिया तो करारा जवाब देंगे



## अमेरिका ने चीन-रूस से जुड़े पुल पर मिसाइल दागी, 2 दिन में 170 ठिकानों पर हमला

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर होर्मुज स्ट्रेट में दखल दिया तो करारा जवाब दिया जाएगा। ईरानी न्यूज एजेंसी क्ष्ठअ के मुताबिक, अमेरिका ने हमला जारी रखा तो होर्मुज सामान्य नहीं हो पाएगा और कई देशों को आर्थिक नुकसान होगा।

दूसरी ओर, ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने बताया कि अमेरिका ने उत्तरी ईरान में चीन और रूस से जुड़े एक रणनीतिक रेलवे पुल पर क्रूज मिसाइल से हमला किया।

अमेरिका ने पिछले 2 दिनों में ईरान के 170 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, हमलों में एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन और मिसाइल भंडार, सैन्य स्पीड बोट और होर्मुज स्ट्रेट के पास तटीय इलाकों में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

अमेरिका ने ईरान के 80 ठिकानों पर हमले किएः अमेरिकी सेना ने मंगलवार देर रात ईरान के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिका ने बताया कि यह ईरान के होर्मुज में जहाजों पर हमले के जवाब में किया गया है।

ट्रम्प बोले- ईरान से सीजफायर खत्मः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ठअळड समिट के दौरान कहा कि ईरान के साथ हुआ सीजफायर समझौता अब खत्म हो चुका है और अब वह ईरान से कोई डील नहीं करना चाहते।

ईरान बोला- बहरीन और कुवैत में 85 ठिकानों को निशाना बनायाः ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया कि उसने बहरीन और कुवैत में 85 अमेरिकी सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया। इसमें अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट मुख्यालय और अली अल-सलेम एयर बेस भी शामिल बताए गए। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि धमकियों के माहौल में अमेरिका से कोई बातचीत या समझौता नहीं होगा, पहले अमेरिका को पुराने समझौतों का सम्मान करना होगा।

होर्मुज में बढ़ते तनाव के बाद कुवैत का 20 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर जा रहा भारतीय झंडे वाला टैंकर ह्यलीला वादिनारह् बुधवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास ओमान के तट से वापस लौट गया।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका-ईरान युद्ध को निष्पक्ष तरीके से खत्म करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि कोई भी समझौता ऐसा होना चाहिए जिसमें सिर्फ लड़ने वाले देशों का ही नहीं, बल्कि सभी पक्षों का हित शामिल हो। पत्रकारों से बात करते हुए लावरोव ने कहा कि इस मौजूदा स्थिति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। इससे न केवल ईरान, उसके पड़ोसी देश और अमेरिका, बल्कि दुनिया के बाकी सभी देश भी किसी न केवल किसी रूप में प्रभावित हो रहे हैं।

गुरुवार को ईरान के मशहद शहर में इमाम रजा दरगाह में पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को दफनाया गया। इस दौरान उनके बेटे और नए सर्वोच्च नेता मोझताबा खामेनेई सार्वजनिक रूप से कहीं नजर नहीं आए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोझताबा खामेनेई इस साल की शुरूआत में हुए अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में घायल हो गए थे, जिसके बाद से वे सार्वजनिक मंचों से पूरी तरह दूर हैं। डेमोक्रेटिक सीनेटर एड मार्की ने ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष को लेकर डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना की है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस (संसद) के विरोध के बावजूद ट्रम्प इस युद्ध को आगे बढ़ा रहे हैं।

मार्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि ट्रंप ईरान पर फिर से हमले कर रहे हैं और कह रहे हैं कि युद्धविराम खत्म हो चुका है, जबकि कांग्रेस पहले ही इस गैर-जिम्मेदाराना युद्ध को खत्म करने के लिए द्विदलीय आधार पर वोट कर चुकी है।



### अमेरिका बोला- हमलों के बीच भी बातचीत जारी

एक अमेरिकी अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया है कि हमलों के बावजूद अमेरिका अभी भी ईरान के साथ विवाद सुलझाने की कोशिशों में जुटा हुआ है। अधिकारी के मुताबिक, ईरान के साथ तकनीकी स्तर की बातचीत लगातार जारी है।

## टीएमसी के 15 साल के शासन पर भाजपा सरकार लाएगी श्वेत पत्र, मंत्रियों के समूह ने शुरू किया काम

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल सरकार ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पिछले 15 साल के शासनकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय कुप्रबंधन पर एक श्वेत पत्र (व्हाइट पेपर) जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में गठित मंत्रियों के एक उच्च-स्तरीय समूह (जीओएम) ने राज्य सचिवालय 'नबन्ना' में अपनी पहली बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता राज्य के वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने की।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बैठक में एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया। इस रिपोर्ट में सरकारी धन के कथित दुरुपयोग, हेरफेर और बबार्दी के मामलों को दर्ज किया जाएगा। विशेष रूप से केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत मिले पैसों के इस्तेमाल की जांच होगी। रिपोर्ट में उन मामलों की पहचान की जाएगी जहां किसी खास योजना के लिए मंजूर किए गए फंड को दूसरे कामों में लगा दिया गया, या फिर उसका इस्तेमाल ही नहीं हुआ। सरकार ने सभी विभागों को अपने रिकॉर्ड की जांच करने और जरूरी दस्तावेज सौंपने का निर्देश दिया है।

मंत्रियों के समूह ने श्वेत पत्र के ढांचे, विभिन्न विभागों से जानकारी जुटाने के तरीकों और समय-सीमा पर चर्चा की। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद एक शुरूआती रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को सौंपी जाएगी। इसके बाद श्वेत पत्र को अंतिम रूप देकर जनता के सामने लाया जाएगा। इस बैठक में वित्त मंत्री



स्वपन दासगुप्ता के अलावा मंत्री दिलीप घोष, तापस रॉय, अरूप दास और दीपक बर्मन भी शामिल हुए।

### बजट सत्र में की गई थी घोषणा

यह कदम राज्य सरकार की उस घोषणा के बाद उठाया गया है, जो उसने हाल ही में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान की थी। मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने बार-बार कहा है कि उनकी सरकार टीएमसी के 15 साल के कार्यकाल के वित्तीय कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार का पूरा हिसाब तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज आधिकारिक रिकॉर्ड के आधार पर विभाग-वार निष्कर्ष पेश करेगा। वित्त मंत्री दासगुप्ता ने भी बजट भाषण में कहा था कि सरकार जनता के सामने वित्तीय प्रबंधन का पूरा ब्योरा रखने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए टीएमसी सरकार पर कल्याणकारी और बुनियादी ढांचा योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।

### महाराष्ट्र के ठाणे में कचरे का पहाड़ ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई और 136 घर क्षतिग्रस्त

# मानसून का कहरः दिल्ली-एनसीआर समेत 18 राज्यों में भारी बारिश और तूफान का अलर्ट किया जारी



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मानसून के बादल एक दिन की देरी से राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के बचे हुए हिस्सों पर भी छा गए हैं। इसके साथ ही मानसून पूरे देश में सक्रिय हो गया है। बृहस्पतिवार को दिल्ली समेत कई राज्यों में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। दिल्ली-एनसीआर की ज्यादातर सड़कों पर वाहन जाम में फंसे रहे। महाराष्ट्र, केरल और राजस्थान में भी बारिश से नुकसान की खबरें हैं। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में बुधवार रात से जारी बारिश ने सुबह मूसलाधार रूप ले लिया। दोपहर करीब एक बजे तक बारिश जारी रही। दिल्ली के सफदरजंग में 72.6 मिमी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के तुखमीरपुर में सबसे ज्यादा 160 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार को दिल्ली, यूपी समेत 18 राज्यों के लिए भारी बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 85 किमी की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। भारी बारिश ने फिर शहरी बुनियादी ढांचे और ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम में सड़कें नहरों में तब्दील नजर आईं।

उत्तराखंड में बारिश से नदियां उफान पर हैं। भूस्खलन से 107 रास्ते बाधित रहे। गढ़वाल व कुमाऊं में भारी बारिश हुई। राजस्थान में भी जोरदार बारिश हुई। चित्तौड़गढ़ के बदेसर व निम्बाहेड़ा के साथ भरतपुर के बयाना में सबसे ज्यादा 90 मिमी बारिश हुई। कोटा व भरतपुर संभाग में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

### राजधानी में जलभराव, पेड़ उखड़े



दिल्ली-एनसीआर में मूसलाधार बारिश से मेहरौली-बदरपुर रोड, विकास मार्ग, दिल्ली-नोएडा एक्सप्रेसवे और एनएच-9 (गाजीपुर व अक्षरधाम) पर घुटनों तक पानी भर गया। ईस्ट ऑफ कैलाश में दो विशाल पेड़ उखड़ गए। इस्कॉन मंदिर और नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट के पास एक कार पेड़ के नीचे दब गई।

### खाली प्लॉट में भरे पानी में डूबने से मासूम की मौत

समयपुर बादली में मासूम रेहान की खाली प्लॉट में जमा बरसात के पानी में डूबने से मौत हो गई। वह छोटे भाई के साथ गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से पानी में गिर गया। दिल्ली में झमाझम बारिश से इस वर्ष की पहली अच्छी वायु गुणवत्ता दर्ज की गई। बृहस्पतिवार को करीब तीन साल बाद दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 48 दर्ज किया गया, जो अच्छी श्रेणी में आता है।

### तीन और शव निकाले

केरल के वायनाड में सुरंग पर भूस्खलन के बाद बृहस्पतिवार को तीन और शव मिले, जिससे मृतकों की संख्या 6 हो गई है। दो लोग अब भी लापता हैं। किन्नौर में बाढ़ से 100 फीट लंबा लोहे का पुल डूब गया, जिससे लिप्पा गांव का बाकी इलाकों से संपर्क टूट गया।

# रत से समेत कई देशों में डब्ल्यूएचओ की सीमा से अधिक मैंगनीज वाला पानी पी रहे लोग

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दुनिया में करोड़ों लोगों के लिए भूजल एक नए स्वास्थ्य संकट का कारण बनता जा रहा है। स्विट्जरलैंड के वैज्ञानिकों के ताजा अध्ययन के अनुसार दुनिया में 18 करोड़ से 22 करोड़ लोग ऐसा भूजल पी रहे हैं, जिसमें मैंगनीज की मात्रा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की अनुशंसित सीमा से अधिक है।

90 फीसदी खतरा एशिया के घनी आबादी वाले नदी डेल्टा क्षेत्रों में है, जहां बड़ी आबादी आज भी बिना उपचार किए सीधे भूजल का उपयोग करती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि लंबे समय तक अधिक मैंगनीज वाले पानी का सेवन विशेष रूप से बच्चों और शिशुओं के मस्तिष्क तथा तंत्रिका तंत्र के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। मैंगनीज मानव शरीर के लिए आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व है और सामान्य परिस्थितियों में इसकी जरूरत भोजन से पूरी हो जाती है। लेकिन पीने के पानी में इसकी अधिक मात्रा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। लंबे समय तक अधिक मात्रा में इसका सेवन तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। इसी आधार पर डब्ल्यूएचओ ने वर्ष 2021 में पीने के पानी में मैंगनीज की गाइडलाइन वैल्यू 400 माइक्रोग्राम प्रति लीटर से घटाकर 80 माइक्रोग्राम प्रति लीटर कर दी थी। अध्ययन पत्रिका नेचर वाटर में प्रकाशित है।

### एशिया के नदी डेल्टा सबसे अधिक प्रभावित

अध्ययन में दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया को सबसे अधिक जोखिम वाला क्षेत्र बताया गया है। भारत और बांग्लादेश का गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा, वियतनाम का मेकांग डेल्टा, हनोई के आसपास का रेड रिवर डेल्टा तथा पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में भूजल में मैंगनीज की अधिक मात्रा मिलने की आशंका जताई गई है। अमेरिका में मिसिसिपी नदी के आसपास के कुछ क्षेत्रों में भी जोखिम दर्ज किया गया है । इन इलाकों की नई तलछटी मिट्टी में मैंगनीज अधिक मात्रा में मौजूद रहता है। जब भूमिगत जलभृतों में ऑक्सीजन की कमी होती है तो सूक्ष्मजीव मैंगनीज को घुलनशील रूप में बदल देते हैं, जिससे वह भूजल में मिल जाता है।



### 31 सप्ताह की गर्भवती नाबालिग को प्री-टर्म डिलीवरी की इजाजत

केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को 31 हफ्ते की गर्भवती 15 साल की एक छात्रा को समय से पहले डिलिवरी कराने की इजाजत दे दी। अदालत ने यह फैसला मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट और नाबालिग व उसके परिवार की इच्छा को ध्यान में रखते हुए सुनाया। लड़की की मां ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर गर्भ समाप्त करने या समय से पहले प्रसव कराने की अनुमति मांगी थी। हाईकोर्ट ने कहा, लड़की नाबालिग है और वह पढ़ाई कर रही है। नाबालिग और उसका परिवार गर्भ जारी नहीं रखना चाहते। इससे पहले हाईकोर्ट ने मेडिकल बोर्ड गठित करने का आदेश दिया था। बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि डिलिवरी को समय से पहले प्रेरित (इंड्यूस) किया जा सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान लड़की और उसकी मां ने अदालत को बताया कि बच्चे के जन्म के बाद वे उसकी देखभाल करने के लिए तैयार हैं।

## यूजरनेम विवाद पर व्हाट्सएप ने सरकार को भेजा जवाब, आईटी मंत्रालय कर रहा जांच

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मेटा के मालिकाना हक वाले व्हाट्सएप ने 'यूजरनेम' फीचर को लेकर सरकार के नोटिस का जवाब दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय इस जवाब की जांच कर रहा है। सरकार ने पिछले हफ्ते व्हाट्सएप को एक नोटिस भेजा था। इसमें नए यूजरनेम फीचर पर चिंता जताई गई थी। सरकार को आशंका थी कि इस फीचर से ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट और फजीवाड़ा जैसी घटनाएं बढ़ सकती हैं। इस फीचर के आने से लोग बिना फोन नंबर साझा किए भी आपस में बात कर सकेंगे। सरकार ने बातचीत पूरी होने तक इस फीचर को भारत में लॉन्च न करने का निर्देश दिया था।


व्हाट्सएप ने सरकार को भरोसा दिया है कि वह चर्चा पूरी होने तक भारत में इसे रोलआउट नहीं करेगा। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि यह फीचर अभी लाइव नहीं हुआ है और इसे इस साल के अंत में धीरे-धीरे लाया जाएगा। फजीवाड़े से बचने के लिए कंपनी ने मशहूर हस्तियों, सरकारी संस्थाओं और वेरिफाइड खातों के नाम सुरक्षित रख लिए हैं, ताकि कोई उनका गलत इस्तेमाल न कर सके। व्हाट्सएप का उपयोग करने के लिए फोन नंबर की जरूरत बनी रहेगी। इसके अलावा, कंपनी ने सुरक्षा के कई उपाय किए हैं। जैसे, यूजरनेम का बार-बार अनुमान लगाने की कोशिशों को ब्लॉक किया जाएगा और पहली बार मैसेज भेजने वाले की पूरी जानकारी दिखाई जाएगी। आईटी सचिव एस कृष्णन ने बताया कि व्हाट्सएप का जवाब मिल गया है। उन्होंने यह भी कहा कि टेलीग्राम और सिग्नल जैसी अन्य मैसेजिंग ऐप्स को भी उनके मौजूदा यूजरनेम फीचर को लेकर नोटिस भेजे गए हैं। उन्हें जवाब देने के लिए अभी थोड़ा और समय मिला है।

# होर्मुज तनाव के बीच भारत के कच्चे तेल आयात पर फिलहाल असर नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव के बावजूद भारत के कच्चे तेल के आयात पर फिलहाल बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है। हालांकि, अगर क्षेत्र में लंबे समय तक अस्थिरता बनी रहती है तो एलपीजी और एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और समुद्री परिवहन की लागत बढ़ सकती है।



ऊर्जा बाजार पर नजर रखने वाली संस्था क्प्लर के विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, भारत ने हाल के कुछ वर्षों में कच्चे तेल के आयात के स्त्रोतों में विविधता लाई है। यही वजह है कि मौजूदा हालात में भारतीय रिफाइनरियों के लिए स्थिति सामान्य बनी हुई है। जून में भारत का कच्चे तेल का आयात रिकॉर्ड 49.3 लाख बैरल प्रतिदिन पहुंच गया था। इसमें रूस से आयात सबसे ज्यादा रहा। रितोलिया ने कहा कि पिछले महीने जून में भारत ने रूस से करीब 27 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदा, जो उसके कुल आयात का आधे से अधिक हिस्सा था। इससे रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। साथ ही सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से भी वैकल्पिक पाइपलाइन व अन्य मार्गों के जरिये तेल की आपूर्ति जारी है। पश्चिम अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से तेल खरीद ने भी भारत को आपूर्ति के कई विकल्प उपलब्ध कराए हैं।

### माल भाड़ा व बीमा खर्च बढ़ने की आशंका

रितोलिया ने कहा कि जो तेल टैंकर सुरक्षित तरीके से होर्मुज से गुजर सकते हैं, उनकी आवाजाही जारी रहेगी। अगर तनाव लंबा खिंचता है तो जहाजों का माल भाड़ा और बीमा प्रीमियम बढ़ सकता है, जिससे आयात महंगा हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों और कारोबारी जोखिमों के कारण ईरान से कच्चे तेल का आयात निकट भविष्य में भारत के लिए बड़ा विकल्प बनने की संभावना नहीं है।

### एलपीजी व एलएनजी पर ज्यादा खतरा

विशेषज्ञों का मानना है कि कच्चे तेल की तुलना में एलपीजी और एलएनजी की आपूर्ति अधिक जोखिम में है, क्योंकि इनके वैकल्पिक स्त्रोत सीमित हैं। अगर खाड़ी क्षेत्र में तनाव लंबे समय तक जारी रहता है तो इनकी उपलब्धता घट सकती है, माल भाड़ा बढ़ सकता है और क्षेत्रीय बाजार में कीमतों पर भी दबाव बढ़ने की आशंका है।

■ वर्ष-12 अंक-247 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 10 जुलाई, 2026

### सुभाषितानि

आर्द्रां यः करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम्।
सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह॥

**भावार्थ** : अग्ने! जो दुष्टों का निग्रह करनेवाली होने पर भी कोमल स्वभाव की हैं, जो मंगलदायिनी, अवलम्बन प्रदान करनेवाली यष्टिरूपा, सुन्दर वर्णवाली, सुवर्णमालाधारिणी, सूर्यस्वरूपा तथा हिरण्यमयी हैं, उन लक्ष्मीदेवी का मेरे लिये आव्हान करें।

**आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिङ्गलां पद्ममालिनीम्।**
**चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म पीआ वह॥**

**भावार्थ** : अग्ने! आर्द्रस्वभावा, कमलहस्ता, पुष्टिरूपा, पीतवर्णा, पद्मों की माला धारण करनेवाली, चन्द्रमा के समान शुभ्र कान्ति से युक्त, स्वर्णमयी लक्ष्मीदेवी का मेरे यहाँ आव्हान करें।

## याचिकायां बबिता खत्री ७५% विकलाङ्गतां धारयति

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

अधिवक्ता सुधा गौतमः याचिकाकर्ता सुश्री बबिता खत्री इत्यस्याः प्रतिनिधित्वं कृतवती, राज्यसर्वकारस्य पक्षतः प्यानल अधिवक्ता अंकिता खरे उपस्थिता अभवत्। याचिकायां बबिता खत्री ७५% विकलाङ्गतां धारयति, मातापितृणां उपरि आश्रिता च इति उक्तम्। पूर्वं तस्याः मातुः–स्वतन्त्रतासेनानीयाः पत्नी–प्राप्ता सम्माननिधि मातुः निधनानन्तरं विच्छिन्ना अभवत्। तदनन्तरं सा पेन्शनस्य निरन्तरतायै आवेदनं कृतवती, यस्य अनुरोधस्य समर्थनं छतरपुर-कलेक्टरेन अपि अनुशंसद्वारा कृतम्। तदपि राज्यसर्वकारेण २००४ तमे वर्षे जारीकृतस्य परिपत्रस्य उद्धृत्य तस्याः दावान् अङ्गीकृतः।

## सम्पादकीयम्

### १९९८ तमे वर्षे टीएमसी-सङ्घस्य

१९९८ तमे वर्षे टीएमसी-सङ्घस्य सर्वाधिकं संकटं सम्मुखीभवति : ममता बनर्जी-पक्षः विभाजनस्य मार्गे अस्ति वा? पश्चिमबङ्गनिर्वाचने पराजयानन्तरं टीएमसी आन्तरिकसंकटेन सह जूझति। ममता बनर्जी यदा दलं एकीकृत्य स्थापयितुं प्रयतते तदा विधायकसभासु न्यूनतया उपस्थितिः, निष्कासनं, विद्रोहस्य समाचाराः च इति कारणेन आव्हानानि वर्धितानि सन्ति। दलकार्यकतृषु वर्धमानस्य चञ्चलतायाः, नेतारणाम् असन्तुष्टेः च मध्ये दलस्य एकतायाः विषये प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। पश्चिमबङ्गविधानसभायाः निर्वाचनपरिणामस्य घोषणायाः अनन्तरं टीएमसी-सङ्घः कष्टैः आक्रान्तः अस्ति। यस्मिन् क्षणे दलस्य सत्ता नष्टा अभवत् तस्मिन् क्षणे आन्तरिक असन्तुष्टिः उद्भूतवती। प्रचलति अन्तर्युद्धं दृष्ट्वा दलस्य विभाजनं भवेत् वा इति अनुमानं प्रचलति। संघर्षः निरन्तरं भवति : ममता बनर्जी एकः युद्धप्रियः नेता इति प्रसिद्धः अस्ति यः स्थले प्रत्येकं राजनैतिकयुद्धं कृतवान्। सा २०११ तमे वर्षे ३४ वर्षीयस्य वामपक्षीयसर्वकारस्य विरुद्धं असन्तुष्टिं प्रकटयित्वा मुख्यमन्त्रीपदं प्राप्तवती। अधुना १५ वर्षाणाम् अनन्तरं विपक्षे स्वं प्राप्य सा वीथिस्तरीयराजनीत्यां पुनः आगता अस्ति।

### आस्ट्रेलिया-भ्रमणकाले पीएम मोदी-महोदयस्य

# सशक्तः सन्देशः ‘१+१ मेक्स् ११’ विश्वस्य कृते साझेदारी-मन्त्रः

ब्रह्मास्त्र ›› मेलबर्न



प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी-महोदयस्य आस्ट्रेलिया-देशस्य द्विदिवसीय-भ्रमणं न केवलं भारत-ऑस्ट्रेलिया-योः सामरिकसम्बन्धं नूतन-उच्चतां प्रति उन्नतयितुं अपितु तस्य प्रभावशालिनः प्रतीकात्मक-वक्तव्यानां कृते अपि ध्यानं आकर्षितवान्। ऑस्ट्रेलिया-प्रधानमन्त्री एन्थोनी अल्बानेस् इत्यनेन सह वार्षिकशिखरसम्मेलनस्य समये द्वयोः राष्ट्रयोः रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, महत्त्वपूर्णाः खनिजाः, समुद्रीयसुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी च इत्यादिषु विभिन्नक्षेत्रेषु १८ महत्त्वपूर्णपरिणामानां सम्झौतानां च घोषणा कृता सम्पूर्णे भ्रमणकाले प्रधानमन्त्री मोदी एतादृशान् सन्देशान् प्रसारितवान् येषु कूटनीतिस्य पार्श्वे भारतीयसंस्कृतिः, क्रिकेट्, मानवीयमूल्यानि च प्रमुखतया प्रकाशितानि।

मेलबर्न-नगरे भारतीयसमुदायं सम्बोधयन् प्रधानमन्त्री मोदी भारतीयप्रवासिनः भूमिकायाः प्रशंसाम् अकरोत्, भारतीयाः यत्र यत्र गच्छन्ति तत्र तत्र उष्णतां, स्वस्य भावः च आनयन्ति इति टिप्पणीं कृतवान् सः टिप्पणीं कृतवान् यत्, वयं भारतीयाः दुग्धे शर्करा इव विलीयन्ते, येन तत् मधुरतरं भवति। भवतः गृहेषु यत् दुग्धं भवति तत् आस्ट्रेलियादेशस्य भवेत्, परन्तु तस्मात् निर्मितं चायं भारतीयम् अस्ति। तस्य वक्तव्यं आयोजने उपस्थितानां सहस्राणां तालीभिः गर्जनाभिः प्राप्तम्।

प्रतिनिधिमण्डलस्तरस्य वातायां आस्ट्रेलियादेशस्य प्रधानमन्त्री एन्थोनी अल्बानेस् इत्यनेन अवलोकितं यत् भारतस्य आस्ट्रेलिया-देशस्य च साझेदारीयां एकः प्लस् एकः द्वौ भवति इति। प्रधानमन्त्रिणा मोदीः स्मितं कृत्वा प्रतिक्रियाम् अददात् यत् हिन्दीभाषायाः लोकप्रियं वचनं उद्धृत्य अवदत् यत् यदा भवन्तः अन्यस्य 'एकस्य' पार्श्वे 'एकं' स्थापयन्ति तदा तया द्वौ न भवति; एकादश भवति इति। एतेन उत्तरेण द्वयोः राष्ट्रयोः मध्ये सम्बन्धस्य बलं, सहकार्यस्य भावना च अद्वितीयरूपेण, प्रेरणादायकरूपेण च प्रस्तुता।

मानवीयसाहाय्यविषये वदन् प्रधानमन्त्री मोदी उक्तवान् यत् यदा कदापि भारतं कस्यचित् राष्ट्रस्य साहाय्यं करोति तदा सः पासपोर्टं नागरिकतायाः वर्णं वा न पश्यति। सः भारतस्य साहाय्यस्य एकमात्रं आधारं मानवता इति बोधयति स्म, अतः एव सम्पूर्णं विश्वं भारते विश्वासं करोति। तस्य मते भारतस्य विदेशनीतौ मानवकल्याणं सर्वोच्चप्राथमिकता अस्ति। रक्षाक्षेत्रे भारतस्य वर्धमानक्षमतां प्रकाशयन् प्रधानमन्त्री मोदी टिप्पणीं कृतवान् यत सम्पूर्णं विश्वं अधुना भारतस्य रक्षाक्षेत्रस्य सामर्थ्यं विश्वसनीयतां च साक्षी भवति। अद्यतनस्य 'ऑपरेशन सिन्दूर' इत्यस्य उल्लेखं कृत्वा सः अवदत् यत् आतङ्कवादीनां निगूढस्थानेषु विस्फोटानां प्रतिध्वनिः सम्पूर्णं विश्वं श्रुतवान्। सः टिप्पणीं कृतवान् यत् भारतं अधुना सुरक्षाविषये।

### इन्स्टाग्रामे आक्षेपार्हसामग्रीणां

## आरोपानाम् विषये मेटा इत्यस्मात् प्रतिक्रियां याचते सर्वकारः कर्मणः संकेताः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

केन्द्रसर्वकारेण बालयौनशोषणदुर्व्यवहारसामग्री इत्यस्य कथितप्रसारस्य विषये इन्स्टाग्रामे मेटा इत्यस्मात् प्रतिक्रिया याचिता अस्ति। इलेक्ट्रॉनिक्स-सूचनाप्रौद्योगिकीमन्त्रालयेन निर्गतस्य सूचनायाः उत्तरं सम्प्रति प्रतीक्षते। कम्पनीयाः औपचारिकप्रतिक्रियायाः परीक्षणानन्तरं एव अग्रे कार्यवाहीविषये निर्णयः क्रियते इति सर्वकारेण स्पष्टीकृतम्। सूचनाप्रौद्योगिकीसचिवः एस. सः अपि अवदत् यत् कम्पनीयाः प्रतिक्रियायाः विस्तृतं अध्ययनं कृत्वा एव अग्रिमस्य कार्यपद्धतेः निर्णयः सर्वकारः करिष्यति। केन्द्रसर्वकारेण गतसप्ताहे मेटा इत्यस्मै सूचना जारीकृता। बालयौनशोषणस्य दुर्व्यवहारसामग्रीणां च प्रवेशः इन्स्टाग्रामे सशुल्कविज्ञापनद्वारा प्रचारितः इति आरोपानाम् अनन्तरं एतत् कदमः अभवत्। प्रकरणस्य गम्भीरताम् अवलोक्य इलेक्ट्रॉनिक्स-सूचना-प्रौद्योगिकी-मन्त्रालयेन इन्स्टाग्राम-इत्यस्मै एतादृशानि सर्वाणि विज्ञापन-सम्बद्धानि सामग्रीनि तत्क्षणमेव अक्षमीकरणाय निर्देशः दत्तः आसीत्।

ततः पूर्वं केन्द्रीयसूचनाप्रौद्योगिकीमन्त्री अश्विनीवैष्णवः मन्त्रालयस्य अधिकारिभ्यः मेटाप्रतिनिधिं आहूय सम्पूर्णविषये स्पष्टीकरणं याचयितुम् निर्देशं दत्तवान् आसीत्। मन्त्रालयेन कम्पनीं पृष्टं यत् एतादृशी सामग्रीं निवारयितुं निष्कासयितुं च एतावता काः कार्याणि कृतवन्तः, भविष्ये एतादृशानां घटनानां पुनरावृत्तिं निवारयितुं के पदानि क्रियन्ते इति। सूचनां प्राप्तस्य कतिपयेभ्यः दिनेभ्यः अनन्तरं मेटा इत्यनेन स्वस्य मञ्चे बालयौनशोषणसामग्रीविरुद्धं नीतयः, तान्त्रिकपरिपाटाः च प्रयुक्ताः इति विस्तृतं ब्लॉग्-पोस्ट् प्रकाशितम् एतादृशान् अपराधान् अत्यन्तं गम्भीरान् इति वर्णयन्त्याः कम्पनीयाः कथनमस्ति यत् सा कृत्रिमबुद्धिः-आधारितपरिचयप्रणालीनां, बृहत्-परिमाणस्य सामग्री-संयमस्य च उपयोगेन एतादृशी।

### राशिफल

**मेष** : धीरे-धीरे जरूरी प्लानिंग करें। सावधानी के साथ छोटे-छोटे फैसले आपके टास्क को आसान बना सकते हैं।

**वृषभ** : काम की जगह पर आने वाली चुनौतियों पर ध्यान दें, काम की स्पीड या प्रोडक्टिविटी से जुड़ी दिक्कतें भी शामिल हैं।

**मिथुन** : एक स्टेबल, शांत दिन आपको धीमी गति से चल रहे कामों को पूरा करने में मदद करेगा।

**कर्क** : अपने पार्टनर की फीलिंग्स को ठेस न पहुंचाएं। आज के दिन निवेश के मामले में सुरक्षित विकल्पों पर विचार करें।

**सिंह** : कुछ पैसे आज के दिन सेव करें। जल्दबाजी में वादे करने से बचें और आज रात अच्छी नींद लें।

**कन्या** : आज छोटे-छोटे निर्णय शांति लाएंगे। पारिवारिक सहयोग आपको प्रोत्साहित करेगा।

**तुला** : आज पूरे दिन अच्छी तरह आराम करें। अपनी लव लाइफ में ज्यादा से ज्यादा सुखद पलों की तलाश करें।

**वृश्चिक** : आज का दिन सुखद सरप्राइज ला सकते हैं, इसलिए खुश रहें। आज के दिन कुछ जातक एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

**धनु** : आज के दिन आप हल्का और मिलनसार महससुस करने वाले हैं। अपने मन की बात शांति से कहें।

**मकर** : सरल दिनचर्या पर भरोसा रखें। प्रियजनों से प्रेमपूर्वक बात करें और व्यावहारिक सहायता स्वीकार करें।

**कुंभ** : आज के दिन आपके क्रिएटिव विचारों से आपको कोई उपयोगी कनेक्शन या छोटी-सी सफलता मिल सकती है।

**मीन** : आप में फुर्ती और जिज्ञासा रहेगी। आज के दिन नए फैक्ट्स सीखें, जरूरी सवाल पूछें और अपने आइडिया भी शेयर करें।

### ज्योतिष/वास्तु

# जुलाई में चमकेगी इन 3 राशियों की किस्मत, महालक्ष्मी राजयोग से होगा बड़ा धन लाभ

कर्क राशि में सूर्य और गुरु की युति से नवपंचम योग और महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण होगा। यह विशेष योग कुछ राशियों के लिए अत्यंत शुभ फलदायी साबित होगा। आइए जानते हैं किन राशियों को इसका सबसे अधिक फायदा मिलेगा।

जुलाई के महीने में सूर्य और गुरु का दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है, जिसे ज्योतिष में बेहद प्रभावशाली माना जाता है। जब ये दोनों ग्रह एक साथ आते हैं, तो शुभ राजयोग का निर्माण होता है। 16 जुलाई को सूर्य मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे, जहां पहले से ही गुरु स्थित हैं। इस प्रकार कर्क राशि में इन दोनों ग्रहों की युति से नवपंचम योग और महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण होगा। यह विशेष योग कुछ राशियों के लिए अत्यंत शुभ फलदायी साबित होगा, जिससे धन लाभ के साथ-साथ हर कार्य में सफलता मिलने के संकेत हैं। आइए जानते हैं किन राशियों को इसका सबसे अधिक फायदा मिलेगा।



**मेष राशि–** सूर्य और गुरु का यह संयोग मेष राशि के जातकों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। जीवन में सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी और हर क्षेत्र में सफलता के योग बनेंगे। अचानक धन लाभ के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में तरक्की के संकेत हैं और प्रमोशन मिलने की संभावना भी प्रबल है। यदि आपका कोई पैसा लंबे समय से अटका हुआ है, तो उसके वापस मिलने के आसार हैं। नौकरीपेशा लोगों को नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**मिथुन राशि–** महालक्ष्मी राजयोग का प्रभाव मिथुन राशि के लोगों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा। मां लक्ष्मी की कृपा से आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने के योग हैं और लंबे समय से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। व्यापार करने वाले लोगों के लिए यह समय विशेष रूप से लाभकारी रहेगा। कोई बड़ी डील मिलने की संभावना है, जिससे आगे चलकर अच्छा मुनाफा हो सकता है।

**कर्क राशि–** कर्क राशि के जातकों के लिए यह राजयोग जीवन में कई सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। जो लोग नई नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें अच्छे अवसर मिल सकते हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। निवेश के लिए यह समय अनुकूल है और इससे अच्छा लाभ मिल सकता है। भूमि या वाहन खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है। साथ ही जो लोग नया व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए यह समय बेहद शुभ माना जा रहा है।

### कप्तान श्रेयस ने कोहली की बराबरी की: वैभव फिर फ्लॉप रहे

# इंग्लैंड ने पहली बार भारत से 2+ मैचों की टी-20 सीरीज जीती

ब्रह्मास्त्र ›› बिस्टल

इंग्लैंड ने चौथे टी-20 में भारत को 9 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली। इसके साथ ही इंग्लैंड ने पहली बार भारत को दो या उससे ज्यादा मैचों की टी-20 सीरीज में हराया।

2018 के बाद यह पहली बार है, जब भारत इंग्लैंड के खिलाफ किसी भी फॉर्मेट में सीरीज हारा है। ब्रिस्टल में कप्तान श्रेयस अय्यर ने लगातार छठा टॉस जीतकर विराट कोहली की बराबरी की, लेकिन उनकी नाबाद 80 रन की पारी भी टीम को हार से नहीं बचा सकी। वहीं 15 साल के वैभव सूर्यवंशी लगातार तीसरे मैच में फ्लॉप रहे और सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हुए।

**12 साल बाद इंग्लैंड ने भारत को हराया–** 2014 के बाद पहली बार इंग्लैंड ने भारत को टी-20 सीरीज में हरा दिया। दोनों टीमों के बीच अब तक 10 सीरीज खेली गई हैं। इनमें भारत ने 5 और इंग्लैंड ने 4 जीती है। एक सीरीज ड्रॉ रही थी।

**श्रेयस ने लगातार छठा टॉस जीता–** श्रेयस ने टी-20 में टॉस जीतने के मामले में विराट कोहली की बराबरी कर ली। उन्होंने लगातार छठवीं बार टॉस जीता। भारत के लिए लगातार सबसे ज्यादा टॉस जीतने का रिकॉर्ड महेंद्र सिंह धोनी के नाम है। उन्होंने 2010 से 2012 के बीच 7 टॉस जीते थे। श्रेयस ने कप्तानी डेब्यू के बाद लगातार सबसे ज्यादा टॉस जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बतौर कप्तान अपने सभी 6 मैचों में टॉस जीते। श्रेयस ने पाकिस्तान के शादाब खान का रिकॉर्ड तोड़ा। शादाब ने 2020 से 2023 के बीच बतौर कप्तान लगातार 5 टॉस जीते थे।



**श्रेयस ने छक्के से फिफ्टी पूरी की–** कप्तान श्रेयस ने 15वें ओवर में आदिल राशिद की गेंद पर छक्का लगाकर फिफ्टी पूरी की। राशिद ने ओवर की पांचवी गेंद 85 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से शॉर्ट पिच डाली। जिस पर कप्तान श्रेयस ने डीप स्क्वायर लेग के ऊपर से पुल शॉट खेला और गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचा दिया।

**अक्षर आखिरी गेंद पर रनआउट हुए–** अक्षर पटेल पारी की आखिरी गेंद पर रनआउट हुए। आर्चर ने स्लोअर गेंद डाली। श्रेयस फ्लिक करने से चूके और गेंद थाई-पैड से लगकर पिच पर ही रुक गई। नॉन-स्ट्राइक पर खड़े अक्षर सिंगल के लिए दौड़े। इस दौरान आर्चर ने फुटबॉल की तरह गेंद को किक मारी। गेंद सीधे स्टंप्स पर जा लगी। रिप्ले में दिखा कि अक्षर का बल्ला क्रीज से रह गया।

### भारतीय 8 लेफ्ट हैंड बैटर खेले

भारत ने 8 लेफ्टी बैटर को प्लेइंग-11 में खिलाया। टी-20 में तीसरी बार भारत 8 बाएं हाथ के बल्लेबाजों से खेला। इससे पहले एशियन गेम्स 2023 में भारत सेमीफाइनल और फाइनल में इसी कॉम्बिनेशन के साथ उतरा था।

### श्रेयस ने 44 रन बनाए

श्रेयस ने आदिल राशिद के खिलाफ 16 गेंदों में 44 रन बनाए है। वे टी-20 में किसी एक गेंदबाज के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। इस लिस्ट में संजू सैमसन टॉप पर हैं। सैमसन ने 2024 हैदराबाद में बांग्लादेश के रिशाद हुसैन के खिलाफ 10 गेंदों में 45 रन बनाए थे।

### इंग्लैंड ने 13.5 ओवर में टारगेट चेज किया

इंग्लैंड ने 13.5 ओवर में 37 गेंद रहते 159 रन का टारगेट हासिल किया। यह 150 या उससे ज्यादा रन के टारगेट में तीसरा सबसे तेज रनचेज है। पहले स्थान पर भारत है। टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2024 में 60 गेंद रहते 150+ का रनचेज किया था। यह टी-20 में भारत की तीसरी सबसे बड़ी हार भी है। टीम को सबसे बड़ी हार 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली थी। तब ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में 60 गेंद रहते भारत को हराया था।

### वैभव फिर फ्लॉप रहे

वैभव सूर्यवंशी लगातार तीसरे मैच में फ्लॉप साबित हुए। वे तीसरे ओवर में ही जोफ्रा आर्चर की गेंद पर कैच आउट हुए। ओवर की चौथी गेंद जोफ्रा ने ऑफ-स्टंप से बाहर शॉर्ट ऑफ लेंथ डाली। वैभव ने पुल करने का प्रयास किया। गेंद बल्ले के टॉप एज से लगकर हवा में खड़ी हो गई। मिड-ऑन पर खड़े सैम करन ने आसान कैच पकड़ लिया।

## लॉर्ड्स पर 142 साल में पहला महिला टेस्ट

ब्रह्मास्त्र ›› लंदन

क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स पर पहली बार महिला टेस्ट खेला जाएगा। 21-23 जुलाई 1884 को यहां पहला मेंस टेस्ट मैच इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। इसके 142 साल बाद अब इस मैदान पर महिला टेस्ट मैच होगा, जिसमें भारत और इंग्लैंड की टीमें आमने-सामने होंगी। यह महिला क्रिकेट इतिहास का 153वां टेस्ट मैच होगा। इंग्लैंड महिला टीम ने 1937 से अब तक देश के 19 मैदानों पर 55 टेस्ट खेले हैं। लॉर्ड्स इस सूची में शामिल होने वाला 20वां मैदान बन जाएगा। भारत 1995 के बाद से इंग्लैंड के खिलाफ कोई टेस्ट नहीं हारी है। इंग्लैंड की धरती पर खेले गए 9 टेस्ट में भी भारत को हार नहीं मिली है। मुकाबला भारतीय समय के हिसाब से दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा। महिला टेस्ट चार दिन का होता है और हर दिन कम से कम 100 ओवर फेंके जाते हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 15 महिला टेस्ट खेले गए हैं। इनमें भारत ने 3 और इंग्लैंड ने 1 मैच जीता है, जबकि 11 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

## फ्रांस लगातार तीसरे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में पहुंचा



ब्रह्मास्त्र ›› लॉस एंजिल्स

**मोरक्को को 2-0 से हराया, एम्बाप्पे ने मेसी की बराबरी की, दोनों के 8-8 गोल**

फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से हराकर फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। इससे पहले टीम 2018 और 2022 के फाइनल में पहुंची थी।

पहले हाफ में पेनल्टी चूकने वाले कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने दूसरे हाफ के 60वें मिनट में गोल दागा। इसके 6 मिनट बाद उस्मान डेम्बेले ने दूसरा गोल कर फ्रांस की जीत पक्की कर दी। अब फ्रांस का सामना सेमीफाइनल में स्पेन और बेल्जियम के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। एम्बाप्पे के इस टूर्नामेंट में 8 गोल हो गए हैं। उन्होंने अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी की बराबरी कर ली है। हालांकि, 3 असिस्ट की बदौलत एम्बाप्पे गोल्डन बूट की दौड़ में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि मेसी के नाम 8 गोल और 1 असिस्ट है। सभी वर्ल्ड कप मिलाकर एम्बाप्पे अब 20 गोल कर चुके हैं। उनसे आगे सिर्फ मेसी हैं, जिनके नाम 21 गोल दर्ज हैं। वहीं, मोरक्को की हार के साथ टूर्नामेंट में अफ्रीका की आखिरी टीम भी बाहर हो गई। फ्रांस ने शुरूआत से ही मोरक्को पर दबाव बना दिया। 5वें मिनट में एम्बाप्पे का शॉट गोलकीपर यासीन बूनू ने शानदार बचाया। इसके बाद दायो उपामेकानो का हेडर भी बूनू ने रोक दिया।

## खबर एक नजर...

### शादी के 6 माह बाद टूटा सात जन्मों का रिश्ता

**उज्जैन।** त्रिवेणी स्थित छोटी रपट से बाइक सहित दंपति बुधवार-गुरूवार रात क्षिप्रा में गिर गये थे। हादसे में डूबने पर पत्नी रीतू 28 साल की डूबने से मौत हो गई थी। पति पवन की तैरना जानता था जिसके चलते उसकी जान बच गई। घटनाक्रम सामने आने पर नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। एसआई रुकमणी ने बताया कि परिजनों से चर्चा में सामने आया कि दोनों की शादी 6 माह पहले हुई थी। रीतू सिहोर की रहने वाली थी, पति पवन शाजापुर के कालापीपल स्थित ग्राम कोठड़ी का रहने वाला है। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हुआ था, जिसके बाद परिवार की राजी मर्जी शादी हुई थी। रीतू एक पैर से दिव्यांग थी। पवन फायनेंस कंपनी में काम करता था और दोनों उज्जैन स्थित नानाखेड़ा क्षेत्र के केटीएम शोरूम के पास किराये से रहते थे। पति पवन ने बताया कि दोनों इंदौररोड स्थित ढाबे से खाना खाकर लौट रहे थे। उसने रीतू को बचाने का प्रयास किया लेकिन उसका साथ छूट गया।

### मारपीट के गंभीर मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** नागझिरी क्षेत्र में हुई मारपीट की गंभीर घटना में फरार चल रहे आरोपी को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी बंटी उर्फ मिंडी उर्फ हेमराज पिता तेजकरण सोलंकी निवासी न्यू इंद्रानगर नागझिरी पर पांच माह पहले धारा 296-बी, 115(2), 119(1), 118(1), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया था। जिसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा था ,उसके खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज से जिसके चलते गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। उसके ठिकानों का पता लगाने के लिए क्राइम ब्रांच को कमान सौंप गई थी। इनामी फरार आरोपी के गिरफ्त में आने पर गुरुवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली छात्रा की हुई मौत



**उज्जैन।** उन्हेल के ग्राम आक्या नजीक से बुधवार को कोमल पिता रामेश्वर 20 साल का परिजन उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। काका दिलीप पटेल ने अचानक तबीयत खराब होना बताया। डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान हालत गंभीर देखी और जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी देकर गहन चिकित्सा ईकाई में भर्ती किया, लेकिन रात में कोमल की मौत हो गई। गुरूवार सुबह माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों का कहना था कि उन्हे नहीं पता कोमल ने जहर खाया था, वह कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि मर्ग डायरी जांच के लिये उन्हेल थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### दिनभर छाये रहे बादल, मौसम में आई ठंडक

**उज्जैन।** मानसून की दस्तक के बाद बारिश का क्रम जारी है। गुरूवार को दिनभर आसमान में बादल छाये रहे और हल्की बूंदाबांदी होती रही। बादलों को देख झमाझम की उम्मीद नजर आ रही थी लेकिन देर शाम तक बारिश नहीं हुई। इस बीच सुबह 12 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलना शुरू हुई। दिनभर मौसम में ठंडक बनी रही। शाम को भी हवा थमी नहीं थी। मौसम विभाग ने बारिश अलर्ट जारी किया है। इधर शहर में शासकीय जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त ने बताया कि गुरूवार तक 426 मि.मी. दर्ज हो चुकी है। जो 17 इंच है। शहर की औसतन बारिश का आंकड़ा 36 इंच है। जो लगभग आधा हो चुका है। वर्षाकाल का समय 15 सितंबर तक है। जिस तरह से मौसम बना हुआ है, उससे प्रतीत होता है कि इस बार बारिश औसतन से अधिक हो सकती है।

### गिरफ्तारी लेने चिमनगंज थाने पहुंची कोतवाली पुलिस

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस जेल से प्रोटेक्शन रिमांड पर लाई धोखधड़ी के आरोपी को बुधवार दोपहर चरक अस्पताल मेडिकल चैकअप के लिये लेकर पहुंची थी। आरोपी नीरज श्रीवास्तव अभिरक्षा से भाग निकला था। जिसे 3 घंटे बाद कुशलपुरा स्थित धर्मशाला से चिमनगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ चिमनगंज थाना पुलिस ने अभिरक्षा से भागने का प्रकरण दर्ज किया। लेकिन आरोपी के भागने का घटनास्थल कोतवाली थाना क्षेत्र का होने पर रात में मामला स्थानांतरित किया गया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपने यहां अपराध दर्ज किया और गुरूवार को गिरफ्तारी के लिये चिमनगंज थाने पहुंची। आरोपी नीरज और उसके साथ धोखाधड़ी में शामिल जयश्री मालवीय के साथ राहुल मालवीय का प्रोटेक्शन रिमांड खत्म होने पर तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 579-1 | 347-4 |
| मेन बाजार | 279-8 | 400-4 |
| मिलन डे | 350-8 | 146-1 |
| मिलन नाइट | 178-6 | 356-4 |

1 2 7

---

पार्षद के मकान हुई चोरी का खुला राज, 6 लाख के आभूषण बरामद

# दादी के मकान का पौते ने तोड़ा था ताला, नाबालिग भी शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अमृतनगर में 28 जून को दिनदहाड़े मकान में हुई लाखों की चोरी में मकान मालकीन का पोता ही चोर होना सामने आया। उसने साथियों के साथ ताला तोड़ा था। पूछताछ में उसके साथियों ने 1 मई को पार्षद के मकान में हुई चोरी का राज भी उगल दिया। दोनों वारदात में चोरी किये गये 6 लाख के आभूषण बरामद किये गये है।

पंवासा थाना क्षेत्र के अमृतनगर में रहने वाली शांताबाई पति मांगीलाल देवड़ा ने 28 जून को दिनदहाड़े मकान में हुई चोरी की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई थी। अज्ञात बदमाश मकान का ताला तोड़कर 4.50 लाख के आभूषण चुराकर ले गये थे। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने दिनदहाड़े हुई चोरी का पता लगाने के लिये एएसआई संतोष राव, सीताराम भुरिया, सावित्री कटारा, आरक्षक अमरनाथ, पंकज पाटीदार, ब्रजेन्द्र भारती और योगेश की टीम गठित की। 10 दिनों बाद चोरी में शामिल शांताबाई देवड़ा के नाबालिग पोते को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने





नाबालिग साथी और विश्वकर्मा कालोनी में रहने वाले दोस्त मोनिया उर्फ मोनू पिता सुरेशसिंह पंवार के साथ विधायक नगर में रहने वाले कार्तिक पिता कन्हैयालाल बैंडवाल के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने उसके साथियों की तलाश शुरू की और नाबालिग के साथ मोनिया उर्फ मोनू को हिरासत में ले लिया। कार्तिक फरार होना सामने आया। थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि तीनों की निशानदेही पर 6 लाख के आभूषण बरामद किये गये है। दोनों नाबालिगों को बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है। मोनिया उर्फ मोनू को रिमांड पर लेकर फरार साथी कार्तिक की तलाश शुरू की गई है।

#### ऐसे मिला नाबालिग पोते का सुराग

अमृतनगर में शांताबाई के मकान में हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही थी। घटना से पहले शांताबाई के मकान से दूर उसका नाबालिग पोता दिखाई दिया था। लेकिन उस पर संदेह नहीं हुआ, पुलिस की पड़ताल में जानकारी मिली कि शांताबाई का पोता पूर्व में चोरी कर चुका है, लेकिन पकड़ने जाने पर उसके परिवार ने आभूषण और चोरी का सामान लौटा दिया था। जिसके चलते शिकायत दर्ज नहीं हुई थी। पुलिस को संदेह हुआ और उसे ही हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कुछ घंटे में सच सामने आ गया और दोनों वारदातों का खुलासा हो गया।

#### अधिक आभूषणों से खुला दूसरी चोरी का राज

बताया जा रहा है कि दादी के मकान में चोरी करने वाले पोते और उसके साथियों से पुलिस ने 6 लाख कीमत के आभूषण बरामद किये। जबकि शांताबाई के मकान से 4.50 लाख के आभूषण चोरी हुये थे। डेढ़ लाख कीमत के आभूषण अधिक मिलने पर सख्ती से पूछताछ की गई तो तीनों ने 1 मई को दिनदहाड़े माधौपुरा में वार्ड क्रमांक 40 की भाजपा पार्षद जानीबाई राठौर के मकान में चोरी करना भी कबूल कर लिया। पार्षद के मकान से बदमाशों ने 50 हजार रुपए नगद और चांदी के आभूषण चोरी किये थे। उस वक्त पुलिस को एक कार की तलाश थी, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया था।

---

उज्जैन रेलवे स्टेशन के अधिकांश प्लेटफॉर्मों पर शौचालय नहीं, यात्री मूलभूत सुविधा से वंचित

# सिंहस्थ से पहले जागे रेलवे प्रशासन, लाखों यात्रियों की सुविधा के लिए तत्काल हो शौचालय निर्माण : राजेश शर्मा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी उज्जैन का रेलवे स्टेशन प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही का प्रमुख केंद्र है। आगामी सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए यहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2, 3, 4, 5, 6 एवं 7 पर आज तक एक भी शौचालय की व्यवस्था नहीं है। इतना ही नहीं, प्लेटफॉर्म क्रमांक 8 के नागदा छोर पर भी यात्रियों के लिए शौचालय उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति यात्रियों के लिए अत्यंत पीड़ादायक है।

रतलाम मंडल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने बताया कि यदि कोई यात्री इन प्लेटफॉर्मों पर ट्रेन का इंतजार कर रहा हो और उसे अचानक शौचालय जाने की आवश्यकता पड़ जाए, तो उसके सामने गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है। उसे मजबूरन प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 अथवा प्लेटफॉर्म क्रमांक 8 के भोपाल छोर तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे यात्रियों को मानसिक तनाव और असुविधा का भी सामना करना पड़ता है।




इस समस्या का सबसे अधिक दुष्प्रभाव दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं, गोद में छोटे बच्चों को लेकर यात्रा करने वाली माताओं, गंभीर रूप से बीमार यात्रियों तथा दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं पर पड़ रहा है। कई बुजुर्ग एवं दिव्यांग यात्री लंबी दूरी तक चलने में सक्षम नहीं होते, फिर भी उन्हें मजबूरी में एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक जाना पड़ता है।

आपने बताया कि इस गंभीर समस्या की ओर रेलवे प्रशासन का कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। केवल आश्वासन दिए गए, जबकि यात्रियों की सबसे बुनियादी आवश्यकता की लगातार अनदेखी की जा रही है।

आपने कहा कि उज्जैन केवल मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां आने वाले यात्रियों की पहली छाप रेलवे स्टेशन से ही बनती है। यदि उन्हें शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं होगी, तो इससे भारतीय रेलवे की छवि के साथ-साथ उज्जैन शहर की प्रतिष्ठा भी प्रभावित होगी।

#### सुविधाएं उपलब्ध कराना भारतीय रेलवे की जिम्मेदारी

आपने सुझाव दिया कि इन शौचालयों का निर्माण एवं संचालन 'पे एंड यूज अथवा 'बीओटी मॉडल पर किया जा सकता है। इससे रेलवे पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी नहीं पड़ेगा, यात्रियों को स्वच्छ एवं नियमित शौचालय सुविधा उपलब्ध होगी तथा निजी एजेंसी द्वारा रखरखाव एवं साफ-सफाई भी बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जा सकेगी। शर्मा ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ, सम्मानजनक एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना भारतीय रेलवे की जिम्मेदारी है। उम्मीद है कि रेलवे प्रशासन इस गंभीर जनहित के मुद्दे को संवेदनशीलता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करेगा, ताकि प्रतिदिन हजारों यात्रियों को हो रही इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

#### पोर्टेबल शौचालयों की व्यवस्था की जाए।

शर्मा ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि आगामी सिंहस्थ महापर्व से पूर्व प्लेटफॉर्म क्रमांक 2, 3, 4, 5, 6, 7 तथा प्लेटफॉर्म क्रमांक 8 के नागदा छोर पर आधुनिक एवं स्वच्छ शौचालयों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रारंभ किया जाए। साथ ही जब तक स्थायी शौचालयों का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक यात्रियों की सुविधा के लिए अस्थायी अथवा पोर्टेबल शौचालयों की व्यवस्था की जाए।

---

फ्रीगंज शहीद पार्क के बाहर मनमानी पार्किंग

# फुटपाथ और पाथ-वे पर भी वाहनों की पार्किंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के व्यस्त फ्रीगंज क्षेत्र स्थित शहीद पार्क के बाहर इन दिनों अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात नियमों की अनदेखी आम बात बन गई है। हालात यह हैं कि वाहन चालक न केवल सड़क किनारे मनमाने ढंग से चारपहिया वाहन खड़े कर रहे हैं, बल्कि पार्क के बाहर बने फुटपाथ और पाथ-वे पर भी वाहन चढ़ाकर पार्क किए जा रहे हैं। इससे पैदल राहगीरों की आवाजाही प्रभावित होने के साथ-साथ क्षेत्र की यातायात व्यवस्था भी लगातार बिगड़ रही है।

शहीद पार्क के बाहर करीब पांच फीट चौड़े फुटपाथ और पाथ-वे का निर्माण पैदल लोगों की सुविधा के लिए किया गया था, लेकिन इन दिनों इन स्थानों का उपयोग वाहन पार्किंग के रूप में किया जा रहा है। कई वाहन चालक अपनी कारें सीधे फुटपाथ पर चढ़ाकर पार्क कर देते हैं, जिससे पैदल चलने वालों को सड़क पर उतरकर चलना पड़ता है।

#### आधी सड़क घेरकर खड़े किए जा रहे वाहन

इसके अलावा कई वाहन आधी सड़क तक घेरकर खड़े किए जाते हैं, जिसके कारण मार्ग संकरा हो जाता है। इसका सबसे अधिक असर शहीद पार्क से निकलने वाले वाहनों पर पड़ रहा है। वाहन चालकों को पर्याप्त जगह नहीं मिलने से आवागमन बाधित होता है और कई बार जाम जैसी स्थिति भी बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से यह स्थिति लगातार बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से वाहन चालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है। यदि समय रहते फुटपाथ और पाथ-वे पर हो रही अवैध पार्किंग के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में यहां यातायात व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो सकती है। स्थानीय लोगों की मांग है कि शहीद पार्क के बाहर फुटपाथ और पाथ-वे पर वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाए तथा क्षेत्र में प्रभावी यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

---

# होटल पीताम्बरा रेसिडेंसी सील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

> **फायर सेफ्टी अधिकारी के साथ की थी मारपीट, नगर निगम की कार्रवाई का परिजनों ने किया विरोध**

उज्जैन में महाकाल थाना क्षेत्र के जयसिंहपुरा स्थित होटल पीताम्बरा रेसिडेंसी को गुरुवार को नगर निगम ने सील कर दिया। यह कार्रवाई फायर सेफ्टी अधिकारी के साथ मारपीट की घटना के एक दिन बाद की गई। इस दौरान होटल संचालक के परिजनों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

नगर निगम की टीम बुलडोजर और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। कार्रवाई के चलते क्षेत्र में काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा।

कार्रवाई शुरू होते ही होटल संचालक के परिवार की महिलाओं ने नगर निगम अधिकारियों का घेराव कर विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई निष्पक्ष प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है, बल्कि एक दिन पहले हुए विवाद के बाद दबाव बनाने के उद्देश्य से की जा रही है।

महिलाओं ने बताया कि होटल के नीचे उनका आवास है, जहाँ छोटे बच्चे भी मौजूद थे। इसके बावजूद पूरे भवन को खाली कराकर सील कर दिया गया। करीब डेढ़ घंटे तक चले विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और महिलाओं के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस ने पहले समझाइश देने का प्रयास किया, लेकिन जब विरोध नहीं थमा तो महिलाओं को वहाँ से हटाकर कार्रवाई पूरी कराई गई। पूरे घटनाक्रम के दौरान होटल परिसर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। परिवार का दावा है कि फायर सेफ्टी निरीक्षण के दौरान विवाद की शुरूआत अधिकारियों के कथित अभद्र व्यवहार से हुई थी। उनका कहना है कि इसी दौरान गुस्से में आकर उनके बेटे विकास अरोनया ने फायर अधिकारी पर हाथ उठा दिया था। परिवार ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद पूरे मामले को एकतरफा कार्रवाई का आधार बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वे आदिवासी समाज से हैं और उनके साथ अन्याय किया जा रहा है।

---

हमलावरों की हुई पहचान, गिरफ्तारी के प्रयास

# रेलवे स्टेशन के सामने आटो चालक पर चाकू से हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सवारी बैठाने की बात पर गुरूवार सुबह रेलवे स्टेशन के सामने आटो चालक पर 2 युवकों ने चाकू से हमला कर दिया था। पुलिस ने चाकूबाजी का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद दोनों हमलावरों की पहचान कर ली है। जिनकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

रेलवे स्टेशन के सामने पान की दुकान के बाहर सुबह 6 बजे आटो चालक सचिन पिता सुरेन्द्र गुप्ता निवासी विजयनगर थाना चिमनगंज पर सवारी बैठाने की बात पर 2 युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। तीन से चार चाकू लगने पर सचिन घायल हो गया, हमलावर भाग निकले। घायल को लोगों की मदद से



चरक अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की खबर मिलते ही देवासगेट थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के परिजनों को सूचना दी। पुत्र दक्षित अस्पताल पहुंचा, पिता की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल ले गया। पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की और घायल आटो चालक के परिजनों की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के चाकू मारने का प्रकरण दर्ज किया। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें चाकूबाजी का घटनाक्रम कैद होना सामने आया।

#### फुटेज के आधार दोनों हमलावरों की पहचान

चाकू मारने वालों के चेहरे सामने आने पर उनकी पहचान के प्रयास शुरू किये गये। देवासगेट थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि शाम को फुटेज के आधार पर चाकू मारने वाले दोनों हमलावरों की पहचान कर ली गई। एक नाम अमन और दूसरे का अक्का होना सामने आये है। दोनों का निवास अम्बर कालोनी होना पता चला है। अमन भी आटो चलाता है। दोनों की तलाश में एक टीम उनके ठिकानों का पता लगाकर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। संभावना है कि रात में दोनों पुलिस की गिरफ्त में होगें। इधर घायल के परिजनों ने बताया कि सचिन रात 2 बजे आटो लेकर घर निकला था। वह रात की शिफ्ट में आटो चलता है। सुबह 8 बजे तक वापस घर लौट आता है।

---

दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर को मिलेगी मजबूती

# सिंहस्थ से पहले बनेगा उज्जैन-झालावाड़ मेगा फोरलेन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 से पहले मालवा और हाड़ौती की सड़क कनेक्टिविटी को नई गति मिलने जा रही है। उज्जैन से राजस्थान के झालावाड़ तक बनने वाले 160 किलोमीटर लंबे मेगा फोरलेन प्रोजेक्ट के टेंडर को केंद्र सरकार से मंजूरी मिल गई है। अब शीघ्र ही वर्क आर्डर जारी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसकी पुष्टि उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने की है।

करीब 2721 करोड़ 72 लाख रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने से उज्जैन, आगर, सुसनेर और झालावाड़ के बीच यात्रा न केवल तेज और सुरक्षित होगी, बल्कि मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच व्यापार, धार्मिक पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों को भी नई रफ्तार मिलेगी। सिंहस्थ-2028 के दौरान राजस्थान और हाड़ौती क्षेत्र से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए यह मार्ग प्रमुख प्रवेश द्वार साबित होगा।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने परियोजना को दो पैकेजों में तैयार किया है। पहले पैकेज में खिलचीपुरा गांव से आकली-काड़िया तक 86.5 किलोमीटर सड़क का फोरलेन निर्माण किया जाएगा, जिसकी लागत 1462 करोड़ 19 लाख रुपये है। दूसरे पैकेज में आकली-काड़िया से राजस्थान के झालावाड़ स्थित एनएच-52 जंक्शन तक 72.763 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा, जिस पर 1259 करोड़ 53 लाख रुपये खर्च होंगे। दोनों पैकेजों के निर्माण के लिए एजेंसियों को दो वर्ष का समय दिया जाएगा, जबकि अगले पांच वर्ष तक रखरखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित एजेंसियों की होगी। परियोजना के तहत मध्यप्रदेश सीमा में लगभग 133 किलोमीटर और राजस्थान में करीब 27 किलोमीटर सड़क का उन्नयन होगा। उज्जैन नगर सीमा से घोंसला तक पहले से बने 27 किलोमीटर फोरलेन हिस्से को भी नए डिजाइन के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

#### छह फ्लाइओवर और 115 अंडरपास बनेंगे

एनएचएआई की योजना के अनुसार पूरे कॉरिडोर पर छह फ्लाइओवर, कई बड़े पुल और 115 व्हीकल अंडरपास बनाए जाएंगे। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के सामने भी फ्लाइओवर प्रस्तावित है। सुरक्षित कट पाइंट और अंडरपास बनने से दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। वर्तमान में यह मार्ग कई स्थानों पर संकरा और हादसों की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। यह मेगा फोरलेन परियोजना दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर से बेहतर संपर्क स्थापित करेगी। इससे कृषि उपज, औद्योगिक सामान और धार्मिक पर्यटन से जुड़े यातायात को नया आयाम मिलेगा। उज्जैन, घट्टिया, आगर, सुसनेर और सोयत क्षेत्र के विकास को भी इससे बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com